जांच क्यों नहीं कराती है और जो दोषी है उसको दंड क्यों नहीं देती है ? हमारी सरकार इधर उधर का बहाना करती है और झूठे सच्चे आरोप लगाकर दूसरे लोगों को बदनाम करने का प्रयास करते हैं । सरकार एक दल में फंस गई है और उसके लिए यही उचित है कि वह एक अदालती जांच कराये और उसके बाद निर्णय करे तो ज्यादा अच्छा होगा ।

आज हमारे प्रदेश में डाकुओं का उत्पात बहुत ज्यादा बढ़ गया है । हमारे चम्बल घाटी में डाकुओं का उत्पात इतना ज्यादा बढ़ गया है कि उसने एक व्यापक रूप ले लिया है । हमारी सरकार के सामने डाकू दिन दहाड़े लोगों को उठाकर ले जाते हैं लेकिन हमारी सरकार देखती ही रहती है । वैसे तो हमारे मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री जी श्री मिश्र जी को उनके चाटुकार लौह पुरुष कहते हैं लेकिन मैं उनको मोम पुरुष से भी गया बीता समझता हूं । ऐसा लगता है कि केवल चुनाव लड़ने के लिए ही मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री के पद पर आसीन हुए । जब से वे मुख्य मंत्री के पद पर आसीन हुए हैं तब से उन्हें चुनाव लड़ने से इतनी भी फुरसत नहीं मिलती है कि कहीं पर कोई डाकू किसी को उठा ले जाये तो उसकी चिन्ता करें । किसी गांव में पीने के लिए पानी है या नहीं, उन्हें इस बात की भी चिन्ता नहीं है । उन्हें तो सिर्फ इस बात की चिन्ता है कि जनसंघ का किस तरह से खात्मा हो, विरोधी दलों का किस तरह से खात्मा हो । मुख्य मंत्री बनने के बाद में ही वे बीना में सब मंत्रियों की फौज लेकर गये थे और वहां पर चुनाव लड़ने के लिये जम गये । इसके बाद सितामऊ के चुनाव में मंत्रियों की फौज लेकर पहुंच गये । फिर हाल में सोनकच्छ के चुनाव में वे अपनी फौज के १६ मंत्री लेकर पहुंच गये और अब महासमुन्द के क्षेत्र में पहुंच गये हैं । इसलिये मेरी सरकार से यह प्रार्थना है कि अगर चुनाव लड़ने के लिए ही यह मंत्रिमंडल बना दिया जाय तो बहुत अच्छा होगा । कानून में इस तरह का प्रावधान कर दिया जाय कि एक मंत्रिमंडल चुनाव लड़ने के लिए होगा और एक एडमिनिस्ट्रेशन करने के लिए होगा तो हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी । अभी हमारा, मध्य प्रदेश का मुख्य मंत्री क्या कहता है ? वह कहता है जो कि उनके पत्र इन्दौर समाचार में प्रकाशित हुआ "जनसंघ के खात्मे के दिन आ गये हैं गुंडा गिर्दी बंद नहीं की तो कड़ी कार्यवाही होगी ।" यह गर्जना मुख्य मंत्री जी की सोनकच्छ तथा भौंरसा में होती है । उन्होंने अपने भाषण में जो झूठे आरोप लगाये हैं उनमें झूठ की पराकाष्ठा है । उन्होंने अपने भाषण में झूठ बोलने की भी हद कर दी है और कहा कि 'पाकिस्तानी संघी भाई भाई' "जनसंघ के दोस्त डाकू", "जनसंघ राष्ट्रघाती ।" जैसे हमारे मंत्री जी कहते हैं कि पैसा लेकर अच्छा पालिटिक्स देंगे लेकिन हमारे प्रदेश के मुख्य मंत्री जी कहते हैं "विजय सिंह जी को विजयी बनावें जिन पर कि मुझे भरोसा है और वे कहेंगे तो आपके क्षेत्र में काम कराने में उन्हें सफलता मिलेगी । लेकिन जनसंघी तो झूठे हैं । उनकी बात पर मुझे एकदम तो भरोसा हो ही नहीं सकता है ।" यदि पोलिटिकल करप्शन बढ़ाने के लिए राजनैतिक भ्रष्टाचार करने के लिये हम पर टैक्स लगाना चाहते हैं तो हम आपत्ति करते हैं । इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूं "Give me good Government I will give you finance". यह बात तभी ही हो सकती है कि वित्त मंत्री जी जो भावना प्रकट करते हैं उन्हें वे कार्यरूप में परिणत भी करें तब ही हम इस देश में कुछ कर सकते हैं ।

अभी हमारे मध्य प्रदेश में सोनकच्छ का चुनाव लड़ने के लिये इतना पोलिटिकल करप्शन हुआ जिसके बारे में मैं आपसे कुछ निवेदन करना चाहता हूं । उस क्षेत्र में पंचायती सम्मेलन बुलाया गया और हमारे मुख्य मंत्री जी मय अपनी जीप व मोटर

[श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया]

गाड़ियों को लेकर, आगे पीछे छड़ीदार, चोबदार, सब लेकर बराबर चलते थे। वहां पर उनके लिए जनता के धन से रास्ता बनवाया गया और इस तरह से जनता के रुपये का भयंकर दुरुपयोग किया गया। पुलिस की लारियां मय तामझाम के वहां पर पहुंची और पंचायत वालों को आदेश दिया गया कि तुम इस इलाके में हमारे भाषण के लिए टेन्ट लगाओ और इस तरह से सारा इन्तजाम किया गया। अगर इस दृष्टि से सरकार कार्य करना चाहती है तो हम इसका बहुत विरोध करते है। इसी दृष्टि से मैंने आपसे निवेदन किया कि गिव अस गुड गवर्नमेंट। हम सरकार से कहते है

"Give us incentive and we will give you more money.

"Give us the necessities oif life and we will give you all the money that you want."

वह आप करते नहीं हैं और उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत करते हैं। इस तरह की हमारी सरकार की नीति है। इसलिए मेरी नम्र निवेदन है कि इन बातों का ध्यान में रख कर और दल की दृष्टि से नहीं बल्कि जनता के हित में जो है उसकी चिन्ता करेंगे। अगर यह सरकार दल की दृष्टि से काम करेगी, राष्ट्र की दृष्टि से काम नहीं करेगी तो फिर इसमें भी दो दो हाथ हो जायेंगे तो कोई चिन्ता की बात नही है। जो होगा वह निबटा जायेगा।

SHRI SANKAR PRATAP SINGH DEV (Orissa): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am just an infant in this august institution inasmuch as I have only come here a week ago. So I am not conversant with the decorum and conventions and procedures of this House. Therefore, if in my speech I transgress decorum I may be excused as an infant delinquent.

The first reaction that I had in my mind as soon *as* I came here was that a national emergency means and should indicate a national government. After declaring the emergency, the Government should have formed a national government with people in the know of things, with wise people, from all parties and with the patriots of the country. Instead of that, what they have done is to perpetuate the ruling party, the party in power and they have clapped behind the bars many a patriot who had come out with genuine criticism against the Government's lapses and the labour leaders who had claimed higher wages for the workers to meet the rise in prices. No attempt has been made to use their extraordinary powers to check this rise *la* the price or to bring to book the blackmarketeers Never in the history otf our land have we come across such a spectacle, wnen during such a short period of time, Cabinet Ministers, Chief Ministers and high dignitaries in the Government were subjected to charges of corruption. You call this emergency but what are the steps that you have taken to redeem the pledge taken in this House on the 14th November, 1962, to free the sacred soil of our country from the forceful occupation of the Chinese? Have we not been silent spectators when the sovereignty, individuality, culture and religion of Tibet were sacrificed at the altar of "Hindi-Chini Bhai Bhai"? Even though we are the loudest in our denouncement of colonisation elsewhere in the world, India has eaten the humble pie in the eyes of the world by having acquiesced in the illegal occupation of twelve thousand square miles of Indian territory. Instead of giving a clean and efficient administration to the people, constant efforts have been made in various ways to carry out an assault on the fundamental rights guaranteed in the Constitution to curb the power of the judiciary and last but not the least to rob the poor peasant of his proprietorship over his land.

Sir, the sooner this state of emergency is revoked the better it is for the country. It is high time this

emergency was lifted in the interests of democracy in the country and of the people and their fundamental rights. After the declaration of emergency in the country the people and the Members of Parliament expected that Government would earnestly endeavour to wipe off this scar of great humiliation from the face of mother India but they have been completely disillusioned by the behaviour, of the Government, and the action of the Government What is even worse is that recently, according to a letter published in the papers, a letter had been written by our Prime Minister •to the Ceylonese Prime Minister assuring her that the Indian Army would not occupy the Indian territory now under the illegal possession of the Chinese aggressor. The House and the people of India are one with the Government in boosting up defence expenditure for the security of India but we also have to see and watch whether the money is really utilised properly. There is a malady *ol* the Government which makes it surrender huge sums at the end of the year. I sincerely hope that the present Defence Minister would make himself free from this departmental malady. Nobody would grudge sanctioning money to the fullest financial capacity of the country if it is well spent but during the past years we have seen huge surpluses being surrendered at the end of the year.

The other Ministry, next in importance to Defence is Agriculture. I come from the rural areas and I know a little of agriculture. The Government have produced, during the last fourteen years, more of paper work than agricultural production with an expenditure of two thousand crores of rupees. That is because the people who are in charge of the thing have better knowledge of paper work than about the field. Naturally, they produce more of what they know and there is more of expenditure in the Ministry. Agriculture has failed because of wrong priorities. Empha lis is being laid on heavy industries, rather than on agriculture. Then there are anti-peasant legislations that stand in the way of production. If the peasants have a feeling of insecurity about their land and belongings then that would have its repercussions on production also. The Seventeenth Amendment of the Constitution of India is a glaring instance where the Government, in their effort to display their socialistic trends, have put the peasants at the height of insecurity.

I shall now say a few words about corruption as far as it is adding to the spiral of prices and inflated estimates. Because of the lust for power and easy money of the ruling party, plan projects are prepared on an inflated manner without any effort to keep down the expenditure. Inflated estimates are made so that the contractors and other firms to which these works of construction are given can enjoy a wide margin of profit. In this connection, I would like to point out that in my State while the men-'folk are Ministers or high dignitaries serving the Government as Ministers, Chief Minister and so on, their women are running companies as directors and this way they sanction the plane, and the other way they take the money I have just received a letter enclosing a press cutting which I would like to read out. Of course, it is in Oriya but if I read it, you will be able to understand it because the language is like Hindustani:

"एकगा दिने बिजू बाबू कू १८ लाख टौंका अग्रिमो"

"In one day Bijou Babu gets eighteen lakhs of rupees.'-'

"टिकरपाड़ा जोजो नारे घरा तय्यारी पाइन उपकरण बानदर जिया जारदी ।"

"The money has been given **for** construction of houses for Tikker-para Dam."

The funniest part of the whole thing is that the construction of this Tikker-para Dam has not been sanctioned by

[Shri Sankar Pratap Singh Deo.] ! the Planning Commission and there is a controversy going about it and yet a sum of eighteen lakhs of rupees has been sanctioned to one Bijou Babu for supply otf tubular structures. From this you can understand how and who make the constructions. The wives of the Ministers construct and the Ministers pass the orders. They rule as traders and trade as rulers.

With these words, Sir, *I* resume my seat.

SHRI M. M. DHARIA (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, our country is passing through a very critical stage when we see that there is rise in prices, when we see that there is growing unemployment, when we see that there is so much illiteracy and poverty in this country and when we know that any moment China or Pakistan may aggress over this country. In these critical circumstances, to prepare a Budget which will satisfy all the needs of the country is a tremendous task and I congratulate the hon. Finance Minister for making a fair bid to face the situation. However, my point, Sir, is that whenever we think of the pledges and our own promises that we gave to the people, we are falling short in achieving the objects that we aimed at. It was, Sir. in the month of January that we met at Bhuvaneswar and passed a resolution on democracy and socialism. In that resolution we said that the five basic needs of the people shall be fulfilled by the end of the fifth Plan, that is, by the end of 1975. We assured them that the five basic needs, food, shelter, clothing, education and health amenities shall be given to the people in a substantial way. Whenever I think of these serious problems and whenever I look at the Budget proposals and the Appropriation Bill, Sir, I feel though the hon. Finance Minister has done a great deal in order to fulfil all these requirements, the present proposals and the Appropriation Bill are too short. When we talk of socialism, it does not merely mean accepting the philosophy of socialism. We shall have to accept socialism in actual action and practice. Where have we done that?

Allow me to say, Sir, that whenever I tried to apply this test, I am sorry to say, I found that our desires are not fulfilled. There are vast problems that we have to face. It was rightly said just now that in order to have a good economy for this country we shall have to create a rural bias. I also come from the rural areas and I feel, Sir, that the present mood of our economy shall have to be changed when we think of socialism. Socialism is a concept through which we shall have to change the whole social structure. Socialism is changing ways of our life, changing ways of our thinking. Whether we are prepared to do that is the important question. And if at all we are to do it we shall have to accept an altogether new pattern of society. Particularly our country is mainly rural. Our country lies much more in the villages; our country lies much more in the rural areas and if at all we intend to overcome the difficulties of this society we shall have to accept an agro-industrial society. That pattern is the absolute need of the day.

If I state a few illustrations from my own State of Maharashtra, I shall be in a position to convince the hon. Finance Minister—of course it is my hope—because he feels that the Ministers' bungalows are like pig-sties and when the people feel that these bungalows are like palaces and to convince such any hon'ble Finance Minister regarding my ideas of socialism is definitely a difficult job. However, I shall try to do it. It was in the District of Sangli that five years ago a co-operative sugar industry was formed and the co-operative movement has accelerated within the course of the last four or five years. In that District we have reached a stage, the take-off stage, as we say in economics. In that District we have a co-operative oil extraction plant. We have divided the

whole District into 23 division^ and there is one centre in each division and at that centre we have established co-operative oil mills. At the District place there is the solvent extraction plant. The material used in oil mills is groundnuts. We have approached the farmers, the tillers and they are *now* producing the necessary groundnuts in each division. From each division the groundnut comes and the oil is crushed and afterwards the oil cake goes to the solvent extraction plant which is set up on tfc : co-operative basis at the district beadquarters, Similarly$_i$ at each centre our idea is to establish one industrial estate; that means in one District there will b$_e$ 28 industrial estates •whereby we shall be able to give more and more impetus to the cottage industries. At each centre there will be one poultry farm; there will be one dairy, there will be one service society there will be one credit society. It has got to b$_e$ done. We have already started. It is not a dream. We have begun the task in all these 28 centres and we find that socialism is in action. Ours is a plan through which during the next few years We shall see at least 50,000 farmers are employed either in agriculture or in various industries. They shall be having their own poultry farm; they shall be having their own dairy; they shall have their own service society; they shall be having their own oil mills, their own processing industries and all this shall b$_e$ on a co-operative basis. In this way the whole district will be covered.

Now we have gone in for lift irrigation on a co-operative basis. The farmers have shown such interest in the co-operative society that they are mortgaging their houses, mortgaging their land, mortgaging their ornaments and all that just to get the money to become shareholders of the society. It is in this way that we can create an altogether a new pattern of society where they can have all the amenities, they can have good roads, they can have school buildings, they can have dispensaries. I would request the hon. Finance Minister and Members of this House to visit such Districts like Sangli, Ahmedna-gar$_r$ Kolhapur, etc. in Maharashtra State. When you go there you shall find a changing structure and this sort of changing structure is the need of the day. When I say that I am not satisfied with the Budget proposals of the hon. Finance Minister, I say that for the fulfilment of this dream, namely the socialist dream. It is not rny intention to attack the hon. Finance Minister. My submission to the hon. Finance Minister is that he should apply his mind to this changing concept and he should come forward with more and more help to these institutions

Sir, along with all these institutions we have been trying to take the help of the panchayat samitis and the zilla parishads that are now working in Maharashtra State. They have worked successfully in various districts and that the zila parishads and the panchayat samitis are definitely representative bodies of the people. They have also come forward with their plans and with their co-operation. The participation of the people in his task is of tremendous importance. If at all we want that our plans should succeed, the participation of the people is the basic need of the day. We have been having our plans and trying to implement them during the past fifteen years but we find that participation of the people has not been to that extent as we wanted it to be. But here in these districts because we have successfully taken all these schemes to the people, they are convinced that it is in their own interests that they should come forward with their co-operation and they have come forward. They have given us all possible assistance. They have been giving their manual labour; they have been giving their property; they have been contributing to the share capital, as a result of which today a new society is taking" shape in those districts. As we pre-

[Shri M. M. Dharia.] pared to do that everywhere? That is the important question.

Yesterday it was mentioned that either there could be industrialisation or there could be rural life. The hon. Finance Minister said it was like a bachelor. No sooner the bachelor was married he was no more a bachelor but it is not simply marrying like a bachelor. This is a marriage between the rural life and industrial life. We can have that sort of feeling even in rural life that we can get industries there but for that purpose we «hall require a good plan. Now, we are thinking in terms of the Fourth Five Year Plan and we are making the necessary arrangements for it. When we are making those arrangements, we should see that the Plan comes up not from the top of the Qutab Minar but it should come up **from** these rural areas. From the bottom it should come up to the top. Sir, we have instructed all our zilla parishads and panchayat samitis—1 say we have instructed because I belong to the Congress Party; I am the General Secretary *ot* the Maharashtra Pradesh Congress Committee and out of 293 nearly 272 panchayat samitis belong to the Congress Party—we have instructed the Chairman of the panchayat samitis and the Presidents of the zila parishads that they should formulate their plans and on the basis of those plans the Fourth Five Year Plan of the Maharashtra State shall be prepared. That is our idea and for that purpose we require a lot of personnel; we require a lot of workers.

I am referring to all these in detail because in case we intend to have that agro-industrial society this sort of planning is equally necessary and for that purpose some provision has to be made in the Budget proposals of the current year otherwise it will not be possible to do anything. It is on this basis we have been trying to prepare our Plan for the whole State and only if favourable consideration is given by the Centre, if the necessary amount is given by the Centre, then alone it is possible to implement them, and not otherwise. Nowadays what happens is this. There are co-operative sugar factories. We have co-operative sugar factories in Maharashtra State and they hav* been producing more and more. Like private enterprise they have not gone in for gur when the price of gur became higher than that of sugar. It is not so there in co-operative factories. They have been producing more and more during the last four years. From 18 lakh bags the production has gone up to 28 lakh bags. We have been trying to give more and more relief to the farmers who are shareholders of these co-operative societies. They are poor people; nearly 80 per cent, of the shareholders are such that they have not more than two acres of land each. They are the owners of the co-operative societies. When we give that tariff rate of Rs. 60 or Rs. 62 per ton of sugarcane, what we do is, we cut and bring the sugarcane from their farms. Now that is not allowed under the Income-tax Act. They say, when you are paying that rate to the farmers then the cost of cutting and of transport should be paid by the farmer and not by the factory because it is not allowed under the law. I really do not understand why it should be so. In the case of private industries they are having their private agencies, they are having their commission agents. They are allowed ten per cent commission. They are allowed inspection charges. They enjoy life. From Bombay sitting in a Special bogie they go to mofussil areas where the factory is situated with their friends and their family members. Those expenses are taken to be as if they are inspection expenses. That is allowed under the Income-tax Act. But when we are giving more and more relief to the farmers, it is not being allowed under the Income-tax Act. If that is the approach, if that is the attitude of the Centre towards all these co-operative societies, if that is the approach to the construction of a new society, it would be very diffl-

cult for us to bring about that sort of society. Therefore, my earnest appeal to the hon. Finance Minister would be that he should visit these areas and take into consideration the various difficulties of these co-operative factories which are not -working only for the poor shareholders. They are working for the whole society as such. He should come forward to give them the help that is necessary at this instant.

My second submission is regarding the price-line. The middle class and poor men have been suffering: like anything and necessary protection must be given to them. At the same time, when we think in terms of the price-line, protection to the farmer is equally necessary. In the case of jowar, you may be aware that the procurement price fixed by the Central Government is Rs. 9 per maund, while in the State of Maharashtra we have gone a step forward. We have fixed the price at Rs. 14 per maund. The difference of Rs. 5 is paid by the State Government. Why is it being done? If the poor farmer is not going to get that sort of incentive, will there be any incentive for the farmer? As my friend rightly said just now, if that incentive is not given to him, how can we ask him to produce more? We want more and more production. We want that these farmers should produce more and more. In that direction we should take steps. We should give more and more help to the farmer for producing more and more.

My third submission is regarding education. For educational purposes Maharashtra State has taken a very good decision. In case of those who are having an income of less, than Rs. 1,200, they are not to pay the fees for their children. This is a progressive step and this sort of step is necessary throughout the country. There are some States for whom it is not possible. Out of our revenues in Maharashtra State, nearly Rs. 25 crores from the exchequer go to education. It may not be possible for all the States to do so. In such cases some sort of subsidy should be given by the Central Government. Let us decide here that from now onwards there will be nobody who cannot get education because of poverty. Because one is born in a poor family, if he is not in a position to get education, it is really a slur on our democracy and on our socialism. *(Time bell rings).* Therefore, my fervent appeal to the hon. Finance Minister would be that for bringing about socialism we should not merely have a moral philosophy. Let not those resolutions lie on the table somewhere. Let us try to implement them and this sort of action is absolutely necessary. I feel that the hon. Finance Minister would take steps in the right direction.

I am really grateful to the House for giving such patient hearing to my maiden speech.

**श्री देवी सिंह (राजस्थान)** : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हमारे इस हाउस के सामने जा अप्रोप्रिएशन बिल चल रहा है उसके सिलसिले में जब मैं अपने देश के पन्द्रह वर्ष की प्रोग्रेस रिपोर्ट देखता हूं और हमारी सरकार के द्वारा, हमारे कांग्रेसी भाइयों के द्वारा यह कहते हुए सुनता हूं कि हमारे देश ने कितनी तरक्की की है तो कई दफा ऐसा खयाल होने लगता है कि वास्तव में पन्द्रह वर्ष में हमारा श बहुत आगे बढ़ गया होगा और कभी कभी तो मुझे ऐसा भी खयाल होने लगता है कि सचमुच में गांधी जी के रामराज का स्वप्न यह सरकार पूरा कर रही है परन्तु जब हम वास्तविकता की तह में जाते हैं और सरकार के पन्द्रह वर्ष के कार्यों का पोस्टमार्टम करके देखते हैं तो मालूम होता है कि वास्तव में जो कहा जाता है उससे बिलकुल विपरीत हो रहा है। हमारा देश उन्नति करने को बजाय उल्टी दिशा में जा रहा है। मुझे यह दुख के साथ कहना पड़ता है कि सिवाय दो वर्गों को छोड़कर समाज का और कोई भी वर्ग सुखी नहीं है, उसके सामने मुसीबतें ही हैं। वे दो वर्ग है, पहला तो हमारा

[श्री देवी सिंह]

मिनिस्टर वर्ग है, दूसरा कांग्रेस वर्ग है। उनके सिवाय देश का कोई वर्ग आज सुखी और खुशहाल नहीं है। आज उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय को निवेदन करना चाहता हूं कि कुछ अहम विषय हैं, जो मैं अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार पेश करता हूं।

आज हमारे देश के सामने सबसे जटिल प्रश्न भाषा का आ रहा है। हमारा देश एक बहुत बड़ा देश है, और उसको एक सबकान्टिनेन्ट कहें तो अत्युक्ति नहीं होगी। उसमें अलग अलग भाषाएं हैं, जो एक प्रान्त से दूसरे प्रान्त में समझ में नहीं आती हैं। आज जब कि हमारा देश स्वतंत्र हुए काफी समय हो चुका है उस हालत में यह आवश्यक हो है कि हमारे देश की भाषाएं राष्ट्रीय भाषाओं का रूप लें। इसी को लेकर कुछ प्रान्तों के अन्दर आज कुछ विचारों में भिन्नता आ रही है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि क्या हम इस बारे में यूरोप के देशों से शिक्षा नहीं ले सकते हैं? यूरोप में ऐसे बहुत से देश हैं जिनमें एक भाषा नहीं है, दो तीन भाषाएं चलती हैं। इसी प्रकार अगर हम इस पर विचार दें कि हमारे उत्तर भारत के जो प्रान्त हैं, उनके अन्दर वहां की कोई भाषा अगर पढ़ाई जाती है तो उनको साथ में एक दक्षिण भारत की भाषा को पढ़ना जरूरी रख दिया जाय और दक्षिण भारत की भाषाओं के साथ एक उत्तर भारत की भाषा पढ़ाई जाय तो इसके द्वारा माननीय सभाध्यक्ष महोदय हम ज्यादा तरक्की कर सकेंगे और यह जो भावना हमारे बीच उत्पन्न होती जा रही है कि हमारे ऊपर एक दूसरी भाषा हमारी इच्छा के विरुद्ध थोपी जाती है वह नहीं रहेगी और हम उत्तर भारत के लोग दक्षिण भारत की भाषाओं को समझ सकेंगे, उनके नजदीक आ सकेंगे और दक्षिण भारत के हमारे भाई उत्तर भारत की भाषा सीखकर हमारे नजदीक आ सकेंगे। यह एक ऐसा जरूरी मसला है कि जिसको बगैर राजनैतिक कारणों के विचार करना चाहिये।

दूसरी चीज जो मैं आपकी सेवा में रखना चाहता हूं यह है कि आप ख्याल फर्माएं कि हमारे देश के अन्दर जिस समय अंग्रेजों का शासन था, मैकाले ने भारत के लिये शिक्षा की एक योजना बनाई थी। इसलिए बनाई थी कि भारत वासियों को इस तरह की शिक्षा दी जाय कि उनके दिमाग में गुलामी रहे और वे ज्यादा से ज्यादा एक क्लर्क बन सकें। दुर्भाग्य है हमारा कि आज पन्द्रह साल की स्वतंत्रता के बाद भी हमारी यह आजाद सरकार उस गुलामी की योजना को बदल नहीं सकी और हम उस गुलामी की शिक्षा के रट में आज भी चल रहे हैं और हमारे भारत के बच्चे भी वही गुलामी की शिक्षा पा रहे हैं। क्या तमाशा है, हमारे बड़े बड़े योग्य मंत्री बैठे हुए हैं, बड़ी बड़ी योजनाओं पर विचार कर रहे हैं परन्तु इस तरफ, जो बुनियाद है, जो जड़ है, उसकी ओर ध्यान नहीं जा रहा है। आप सोचिए कि जर्मनी में हिटलर ने नवयुवकों के अन्दर क्या भावना भर दी थी, जो आज के दिन भी जर्मनी में और सब कुछ न होते हुए भी वह भावना मिलेगी। वह भावना हममें नहीं है और पन्द्रह वर्ष के बाद भी हम पीछे पड़े रहना चाहते हैं। आप इतिहास उठाकर देखिये। हमारे इतिहास में क्या पाया जाता है। हमारे यहां स्कूलों में चंद्रगुप्त मौर्य से इतिहास शुरू करते हैं, उससे पहले सिखाते हैं कि हिन्दुस्तान में कुछ नहीं था, जंगली लोग थे, हमारा सारा वैदिक साहित्य अंधकार में पटक दिया जाता है। क्या मैं पूछ सकता हूं कि हमारी सरकार ने हमारे पुराने साहित्य के रिसर्च के लिये क्या किया? क्या हमारा इतिहास चंद्रगुप्त से ही प्रारम्भ होता है? क्या उससे पहले ग्रीक, ईजिप्ट की सभ्यता और इतिहास हजारों वर्षों का पुराना ही था? परन्तु अंग्रेजों का इसमें लक्ष्य था क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि हम अपना पुराना गौरव अपने सामने रख सकें। जिस रोज अलेक्जन्डर हिन्दुस्तान को विजय करता है, जिस रोज यूरोपीयन सत्ता भारत को पद्दलित करती है उसी दिन से उन्होंने इतिहास प्रारम्भ किया।

लेकिन दुर्भाग्यवश आज हम अपना इतिहास सिकन्दर से शुरू करते हैं। आज हमारी किताबों में राष्ट्रीय व्यक्तियों के चरित्र के बारे में कुछ नहीं पढ़ाया जाता है, जिसके द्वारा हमें कुछ भावना मिल सके। लेकिन उसमें भी थोड़ा बहुत परिवर्तन करके कांग्रेस का चरित्र जोड़ दिया गया है और इसके अलावा उसमें कुछ नहीं है।

इसके बाद में एक दूसरे विषय में आता हूं। हमारे सामने इन्डस्ट्रीज़ का सवाल है। हमारा देश जैसा कि हमको बतलाया जाता है कि इन्डस्ट्रीज़ में प्रगति कर रहा है, बड़ी बड़ी इन्डस्ट्रीज़ के साथ साथ काटेज़ इन्डस्ट्रीज़ में भी प्रगति कर रहा है। वास्तव में यह प्रशंसा की बात है, क्योंकि हमारा देश गांवों में बसता है, हमारा बहुमत भारतीयों का देहात में है। इसलिए अगर काटेज इन्डस्ट्रीज को तरक्की नहीं दी जायेगी तो देहातों के अन्दर तरक्की नहीं हो सकती है। परन्तु इस जगह पर भी राजनीति आती है। आज अगर आप काटेज इन्डस्ट्रीज के आंकड़े उठाकर देखें तो आपको पता चलेगा कि किस तरह से काटेज इन्डस्ट्रीज हमारे यहां बढ़ रही है। हम सब से ज्यादा रुपया खादी और चर्खे के ऊपर खर्च कर रहे हैं। क्या हमारे देश के अन्दर और कोई काटेज इन्डस्ट्रीज डवलप करने के लिए नहीं रह गई है। आज आप देखें कि जापान एक छोटा सा मुल्क है लेकिन वहां पर हर तरह की वस्तुएं तैयार की जाती हैं। आज विश्व के बाजार के अन्दर जापान की धाक है दुनिया के जो और छोटे छोटे मुल्क हैं वे भी अपने यहां छोटी छोटी काटेज इन्डस्ट्रीज को डेवलप कर रहे हैं और कर सकते हैं परन्तु हम सिवाय खादी और चर्खे के कुछ भी डवलप नहीं कर सकते हैं और न करना चाहते हैं। जिस समय गांधी जी ने खादी का प्रश्न उठाया था उस समय उसका एक महत्व था, क्योंकि हमारा सारा देश अंग्रेजों का मुकाबला कर रहा था। गांधी जी चाहते थे कि विलायत से जो कपड़ा हमारे देश में आये वह बन्द हो जाय ताकि हमारे देश का व्यापार कपड़े का बढ़े। लेकिन आज खादी का वह महत्व नहीं रहा क्योंकि बाहर से आने वाले किसी भी वस्तु पर हम टैक्स लगा सकते हैं। इसलिए माननीय उप सभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा माननीय इन्डस्ट्रीज मंत्री से प्रार्थना करना चाहता हूं कि वह खादी और चर्खे को छोड़कर कोई दूसरे घरेलू उद्योग को तरक्की, दें जिससे हमारे देहात के भाईयों को काम मिल सके और उनकी उन्नति हो सके।



मैं इन शब्दों के साथ अपना भाषण समाप्त करता हूं।

**श्री चन्द्र शेखर** (उत्तर प्रदेश): उप-सभाध्यक्ष महोदय, इस बिल पर अपने विचार व्यक्त करने के पूर्व मैं एक प्रश्न की ओर आपका और इस सदन का ध्यान ले जाना चाहता हूं। अभी हमारे माननीय मित्र श्री चौरड़िया जी बोल रहे थे तो उन्होंने वित्त मंत्री जी के किसी वक्तव्य का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा कि आप मुझे पैसा दें, मैं आपको अच्छी राजनीति दे सकता हूं। माननीय चौरड़िया जी ने कहा कि प्रेरणा मिलनी चाहिये, उससे पैसा मिलेगा और उससे अच्छी राजनीति मिलेगी। लेकिन चौरड़िया जी ने कहा कि प्ररणा उनको मिलनी चाहिये जो व्यापार में है, जो उद्योग के अन्दर है। मैं यह कहना चाहूंगा कि किसी भी राष्ट्र को बनाने के लिए, किसी राष्ट्र के निर्माण के लिए जो सबसे जरूरी चीज होती है वह है स्पष्ट दृष्टि दृढ़ विश्वास और अटूट निश्चय। अगर राष्ट्र को बनाना है तो " We require a clear vision, a firm iaith and a strong determination ". राष्ट्र को बनाने या किसी भी समाज को बनाने के लिए जो सृजनकर्ता होता है, उसकी स्थिति एक वृक्ष के समान होती है। चाहे कोई कलाकार हो, चाहे कोई कवि हो, कोई राष्ट्र निर्माता हो उसकी जड़ वहां जमीन के अन्दर [illegible] में रहती है, उसकी पत्तियां हवा से शक्ति लेती हैं। एक और जमीन के अन्धियारे से वह शक्ति लेता है जड़ के जरिये, दूसरी तरफ पत्ते हवा के जरिये भी शक्ति गृहण करते हैं। राष्ट्र को बनाने वाला भी इसी तरह से होता है। एक

[श्री चन्द्र शेखर]

और उसके पैर जमीन पर हों, जहां गरीबों पर उनकी आस्था हो और साथ ही ऊंचे आदर्श में उसका अटूट विश्वास हो। मुझे दु:ख के साथ कहना पड़ता है कि इस हुकूमत का ऊंचे आदर्शों पर विश्वास नहीं है, न गरीबों से कोई एकात्मक है और न उनके साथ मिलकर तथा उनको प्रेरणा देकर कोई काम करने की शक्ति है। जहां गांवों को विकास की ओर ले जाने का सवाल है, जहां गरीबों को विकास की ओर ले जाने का सवाल हैं, जहां गरीबों को पिछड़े हुए वर्गों को आगे बढ़ाने का सवाल है, उसकी ओर हमारे पूर्ववक्ता ने ध्यान दिलाया है तथा कई बार इस सदन में भी इस बात का जिक्र हो चुका हैं। जो मेहनत करने वाले हैं, जो गरीब हैं, उनकी उपेक्षा की जाती है। लेकिन सरकार की जो अपनी अन्दुरूनी नीति हैं उसकी झलक उसकी बाहर की नीति में, परराष्ट्र नीति में भी परिलक्षित होती है।

मान्यवर, सबले पहले मैं आपका ध्यान इस देश को परराष्ट्र नीति की ओर ले जाना चाहूंगा। जिस जमाने में हमारे मुल्क के प्रतिनिधि संयुक्तराष्ट्र में श्री कृष्ण मेनन थे उस समय हमारे दिमाग में क्या बात थी। श्री कृष्ण मेनन श्री विशिन्सकी साहब के साथ ही बैठकर चाय पीने में अपनी मर्यादा मानते थे हिन्दुस्तान के इस रूप को दुनिया के सामने रखते रहे लेकिन जो दूसरे छोटे देश हैं उनकी वे उपेक्षा करते थे। मैं इस बात के लिए श्री चागला साहब को मुबारकबाद देना चाहता हूं कि उन्होंने पहली बार हिन्दुस्तान के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ में ब्रिटेन, अमरीका तथा रूस के दायरे से बाहर निकलकर अफ्रीका के देशों से सम्पर्क किया एशिया के छोटे छोटे देशों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकर भाई चारे और बराबरी का व्यवहार किया। भारत के प्रतिनिधि के रूप में श्री चागला साहब ने जो यह नीति में परिवर्तन किया है, मैं नहीं जानता भारत सरकार की नीति में ही कोई परिवर्तन हुआ है या केवल श्री चागला साहब की व्यक्तिगत बात है। लेकिन इससे देश के बाहर और दुनिया में भारत के बारे में एक दूसरा नकशा बना है।

लेकिन हमें इस बात को ध्यान में रखना चाहिये कि आज अफ्रीका की हालत क्या है। अफ्रीका में जो हमारे राजदूत भेजे जाते हैं उनका कार्यकलाप क्या है—एक बार नहीं कई बार यह सवाल उठा है। फारेन अफेयर्स का कोई अखबार अथवा कोई मेगनीज पढ़िये। पिछले तीन वर्षों में हमारी हुकूमत के लिए, हमारे देश के लिए उसमें रोना रोया गया है कि अफ्रीकी देशों के सामने हिन्दुस्तान का मामला चीन के खिलाफ अच्छी तरह से नहीं रखा जा सका है। मैं साल भर पहिले की रिपोर्ट पढ़ रहा था कि अफ्रीकी देशों में चीन ने अपने विचारों को, अपने आदर्शों को और अपनी बातों को अच्छी तरह से रखा है। यह दुनिया के लोगों की राय है कि ५० फीसदी अफ्रीकी देशों में चीन ने अपनी बात को अच्छी तरह से रखा लेकिन श्री जवाहरलाल की हुकूमत चीन के खिलाफ हमारे जो चार्जेज हैं, जो हमारे आरोप हैं, उनको अफ्रीकी देशों के सामने नहीं रख सकी। अभी आज प्रात:काल प्रश्नों के समय माननीय श्री चोरड़िया जी ने सवाल किया था कि बर्मा में ६ महीने से हमारा राजदूत क्यों नहीं रखा गया। मुझे यह सुनकर अफसोस हुआ कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने बड़े तेश के साथ कहा कि हां, हमारी हुकूमत के काम करने का यही तर्जेअमल है। अगर यही हुकूमत का तर्जेअमल है तो बड़े अफसोस की बात है। आखिरकार इस भारत वसुन्धरा में, इस धरती के ऊपर, इस सर जमीन में एक भी आदमी ऐसा नहीं है जो राजदूत बनाकर बर्मा भेजा जा सके? लेकिन बात क्या है? हमारे जो दूत हैं, हमारे जो राष्ट्रनायक हैं, जिनको यह हुकूमत विदेशों में भेजती हैं, वे केवल इस लिये हैं कि वे देखते हैं कि सुख कहां मिलता है। उनमें सेवा की कोई भावना नहीं है। अमेरिका में जाने के लिये लोग तैयार हैं, रूस में जाने के लिये लोग तैयार हैं, यूरोप

में जाने के लिये झगड़े होते हैं, प्रतिद्वंद्विता होती है। जनरल दूत बन कर सारी दुनिया में घूमने के लिये लोग तैयार हैं, लेकिन बर्मा में जाने के लिये लोग तैयार नहीं हैं, नेपाल में जाने के लिये लोग तैयार नहीं हैं, सीलोन और अफ्रीका के देशों में जाने के लिये लोग तैयार नहीं हैं। हमारी परराष्ट्र नीति की, हमारी जहनियत की और हमारी भावना की इससे बड़ी बुरी मिसाल और कोई नहीं मिल सकती है। मैं चाहूंगा इस हुकूमत से कि इस पहलू के ऊपर जरा गौर किया जाय।

मैं एक बात और कहना चाहूंगा। मैं नहीं जानता कि यह हुकूमत किस पैराये पर माननीया इन्द्रा गांधी को दुनिया के देशों के सामने रखती है। लेकिन मुझे अफ़सोस जरूर इस बात पर हुआ कि माननीया इन्दिरा गांधी देश के बाहर जाती हैं और देश के बाहर से बयान देती हैं कि उनको दो बार परराष्ट्र मंत्री का पद दिया गया, लेकिन उन्होंने अस्वीकार कर दिया। मैं नहीं समझा कि इससे भारत की कौन सी प्रतिष्ठा बढ़ती है ? मैं नहीं जानता कि इस पद को आफर करने वाले लोग कौन थे ? अगर यह पद आफर किया गया तो किसी भी सभ्य राष्ट्र के लिये, किसी भी मर्यादा वाले राष्ट्र के लिये और उसके प्रतिनिधि के लिये विदेश में जा कर के यह बात करना शोभा नहीं देता। कम से कम कोई भी ज़िम्मेदार सरकार, कोई भी उत्तरदायी व्यक्ति ऐसा नहीं कह सकता है। परराष्ट्र मंत्री का पद कोई चपरासी का पद नहीं है, कोई आफीसर का पद नहीं है कि हमने उसे अस्वीकार कर दिया क्योंकि तनख्वाह कुछ कम मिल रही थी। राष्ट्र के सम्मान का प्रतीक परराष्ट्र मंत्री होता है। चाहे कोई आदमी कितना ही बड़ा हो, चाहे वे माननीया इन्दिरा गांधी हों, चाहे वे माननीय टी० टी० कृष्णमाचारी हों, चाहे वे पंडित जवाहरलाल नेहरू खुद हों, किसी भी आदमी को विदेशों में जाकर के यह कहने का हक नहीं है कि परराष्ट्र मंत्री का पद मुझे मिला मैंने दो दो बार इनकार कर दिया।

شری اے - ایم طارق (جموں اور کشمیر) : یہ انہوں نے کہاں کہا ؟-

[श्री ए० एम० तारिक : (जम्मू और काश्मीर) : यह उन्होंने कहां कहा ? ]

श्री चन्द्र शेखर : शायद टोकियो में।

योजना मंत्री श्री बी० आर भगत : शायद ?

श्री चन्द्र शेखर : यह अखबार में आया है और अगर आप चाहेंगे तो मैं आपको उसकी कटिंग दे दूंगा।

श्री बी० आर० भगत : मैंने यह कहा कि माननीय सदस्य खुद ही कह रहे हैं "शायद" तो "शायद" के आधार पर यह आरोप लगाना ठीक नहीं है।

श्री चन्द्र शेखर : इस बारे में मैं निश्चित हूं कि उन्होंने यह वक्तव्य दिया। केवल स्थान के बारे में मैंने शायद कहा। इस लिये माननीय बालीराम भगत जी को इस बारे में कोई शंका नहीं होनी चाहिये कि उन्होंने वक्तव्य नहीं दिया। वक्तव्य उन्होंने दिया और स्थान शायद वह टोकियो था।

SHRI AKBAR ALI KHAN: What were the questions and what were the replies?

SHRI CHANDRA SHEKHAR: Whatever may have been the questions and whatever may have been the replies, I also meet the press people. They cannot force us to reply a question in a particular form.

दूसरी बात मैं आपसे यह कहना चाहूंगा कि अभी दिल्ली में एक घटना हुई। इज़राइल के कौंसिलर ने दावत दी, इज़राइल के राष्ट्रीय दिवस को मनाने के लिये अशोका

[श्री चन्द्र शेखर]

होटल में । तो अशोका होटल में राजदूत गये, दूसरे लोग गये और उसके बाद अचानक यह कहा गया कि भारतीय सरकार के कहने के मुताबिक यह दावत खत्म कर दी गई, वह दावत नहीं दी जा सकती ।

شری اے - ایم طارق : کیوں کہ عرب ملکوں کی طرف سے اعتراض کیا جاتا ہے -

†[श्री ए० एम० तारिक : क्योंकि अरब मुल्कों की तरफ से ऐतराज किया जाता है ।

B SHRI CHANDRA SHEKHAR: I do not yield.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA) : You can explain later on. He does not yield.

**श्री चन्द्र शेखर** : दूसरी बात मैं आपसे यह कहना चाहूंगा कि अरब राष्ट्रों से मैत्री के लिये मैं भी बहुत इच्छुक हूं कि उनसे मैत्री होनी चाहिये । लेकिन जिस समय चाऊ एन-लाई के लिये काहिरा में रेड कार्पेट बिछाया गया, क्या उस समय नासिर साहब ने पूछा या अरब राष्ट्रों के लोगों ने पूछा कि एक भारतीय के दिल पर क्या गुजरी होगी । काहिरा में चाऊ-एन-लाई का स्वागत किया जा सकता है, लेकिन हिन्दुस्तान की जमहूरियत में, यहां के प्रजातंत्र में एक विदेश का दूत प्रतिनिधि यहां के होटलों में दावत नहीं दे सकता है । इस तरह से किसी मुल्क को परेशान करने की कोशिश करना राष्ट्र के सम्मान के विरुद्ध है । मेरा कोई विरोध अरब राष्ट्रों से नहीं है । लेकिन भारतीय सरकार से मैं जरूर यह कहना चाहूंगा कि इस सम्बन्ध में जरा ज्यादा सूझबूझ के साथ और गौरवपूर्ण व्यवहार किया जाना चाहिये ।

दूसरा पहलू मैं आपके सामने राष्ट्रीय सुरक्षा का रखना चाहता हूं । हमारे कई मित्रों ने उसका जिक्र किया है । आज प्रश्नों के समय यह भी सवाल उठा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये जितनी फौज की जरूरत है, उतनी फौज है या नहीं ? उस पर कहा गया कि काफी कामियाबी मिली है । लेकिन मैं किसी भी माननीय सदस्य से यह जानना चाहता हूं कि दुनिया के इतिहास में एक राष्ट्र आप ऐसा बतला दीजिये जिसके नभ का, जिसके एयर स्पेस का इतनी बार वायलेशन हुआ हो, जितना हिन्दुस्तान में हुआ है ।

दूसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि दुनिया का कोई ऐसा उदाहरण दे दीजिये जहां पर बिना किसी लड़ाई के, बिना किसी दुश्मन के हमले के केवल एयर ऐक्सिडेंट में फौज के इतने बड़े अफसर इतनी बड़ी तादाद में मरे हों । ये दोनों काम हिन्दुस्तान की हुकूमत में हुए हैं और इमरजेंसी के बाद हुए हैं । अगर भगवान पर ही और खुदा पर सारा दोष डालना हो तो ठीक है । लेकिन एक बार नहीं, दो बार नहीं, अनेक बार हवाई दुर्घटनाएं होती हैं और उसमें फौज के बड़े बड़े अफसर मरते हैं और हुकूमत की तरफ से कोई न कोई विवरण दे दिया जाता है । मैं यह जानना चाहूंगा कि आखिरकार इसकी जांच क्यों नहीं होती है और दुर्घटनाएं जितनी हुईं वे आपातकालीन स्थिति के बाद हुईं, ऐसा क्यों हुआ ? उसके पीछे कोई न कोई राज मालूम पड़ता है और इसके बारे में कोई कदम सोच समझ कर उठाना चाहिये ।

एक बात का और जिक्र करूंगा । इस सदन के अन्दर माननीय सुरक्षा मंत्री जी से मैंने जब पूछा कि क्या राजनैतिक कारणों की वजह से कुछ लोग इमरजेंसी कमीशन में नहीं लिये जाते हैं ? जवाब दिया गया कि ऐसा नहीं होता है । उस समय मैंने दो व्यक्तियों के नाम भी लिये थे और कहा था कि प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के दो आदमी इमरजेंसी कमीशन में बुलाये गये, लेकिन कहा गया कि सीक्युरिटी रीजन्स की वजह से वे नहीं लिये जायेंगे । उस पर माननीय सुरक्षा मंत्री ने

†[ ] Hindi transliteration.

कहा कि एक को बुला लिया गया है और दूसरे को नहीं बुलाया जा सका । मैं आपके जरिये माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि वह आदमी गया देहरादून अकाडमी में छः महीने तक ट्रेनिंग ली और १५ दिन पहले जब उसको आर्डर मिलने वाला था तो उससे कह दिया गया कि सीक्युरिटी रीज़न्स की वजह से तुमको आर्डर नहीं दिया जा सकता और वह आदमी हटा दिया गया । मैं नहीं समझता कि सुरक्षा के बारे में जब आप दूसरों का सहयोग चाहते हैं, सारे देश का सहयोग चाहते हैं, तो यह संकीर्ण राजनीति किस हद तक आपको आगे बढ़ायेगी ।

मैं दूसरा सवाल साम्प्रदायिक समस्याओं पर उठाना चाहता हूं । आज इधर उधर की बातें कही जाती हैं कि पाकिस्तान में झगड़ा हो गया और उसका असर हो गया हिन्दुस्तान में । हुआ होगा उसका असर, मैं इसको इनकार नहीं करता । लेकिन कोई बुनियादी बात है जो हिन्दुस्तान की हुकूमत की नीति में ग़लत है । मैं बहुत अदब के साथ यह जिक्र करना चाहूंगा कि जिस समय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने हिन्दू कोड बिल इस सदन में पेश किया उस समय उनका दिमाग़ साफ होना चाहिये था कि मुस्लिम पर्सनल ला में यह संशोधन होगा, लेकिन यह काम नहीं किया गया । हिन्दू कोडबिल पेश किया गया, उसके लिये मैं उनको मुबारकबाद देता हूं । लेकिन जब मुस्लिम पर्सनल ला में संशोधन करने की बात आई तो उसके लिये पंडित जवाहरलाल नेहरू तैयार नहीं हुए । क्षमा करें अगर यह बात बुरी लगे कि हमारे मुस्लिम दोस्तों ने हंगामा उठा दिया ।

شری ابراهیم سلیمان سیٹ (کیرل):

جہاں تک مسلم پرسنل لا کا تعلق ہے یہ قران اور حدیث سے تعلق رکھتا ہے - اس میں کوئی اموانڈمینٹ ہو ہی نہیں سکتا - کسی حکومت کو یہ حق حاصل نہیں ہے کہ قران اور حدیث کے مطابق جو پرسنل لا ہے اس میں وہ اموانڈمینٹ کرے -

†[श्री इब्राहीम सुलेमान सेट (केरल) : जहां तक मुस्लिम पर्सनल ला का ताल्लुक़ है यह कुरान और हदीस से ताल्लुक़ रखता है– इसमें कोई अमेन्डमेन्ट हो ही नहीं सकता –– किसी हुकूमत को यह हक़ हासिल नहीं है कि कुरान और हदीस के मुताबिक जो पर्सनल ला है इसमें वह अमेन्डमेन्ट करे । ]

श्री चन्द्र शेखर : यही मैं कहने जा रहा हूं । धर्म निरपेक्ष राज्य का मतलब क्या होता है । अगर कुरान और हदीस की बात कही जाती है तो मैं अपने माननीय सदस्य से यह अर्ज करना चाहूंगा कि कुरान पाक में यह भी लिखा हुआ है कि हुकूमत को कभी मजहब से अलग नहीं किया जा सकता । अगर हुकूमत को कभी मजहब से अलग नहीं किया जाना चाहिये तो मैं अपने दोस्त से बड़े अदब के साथ अर्ज करना चाहूंगा कि आप मानेंगे कि . . . .

एक माननीय सदस्य : वह कौन सा पैरा है ?

شری ابراهیم سلیمان سیٹ : یہ

وفاداری کا سوال ہے - مذہب سے الگ کرنے کا سوال نہیں ہے -

†श्री इब्राहीम सुलेमान सेट : [यह वफादारी का सवाल मजहब से अलग करने का सवाल नहीं । ]

4 P.M.

श्री चन्द्र शेखर : यह वफादारी का सवाल नहीं है । सेकुलर स्टेट का मतलब यह होता है कि जहां तक सिविल राइट्स का सवाल है, जहां तक प्रापर्टी राइट्स का सवाल

†[ ] Hindi transliteration.

[श्री चन्द्र शेखर]

है उसमें साहब कोई दखलन्दाजी नहीं करेगा और अगर दखलन्दाजी करता है तो माननीय चौरड़िया जी को इस बात के लिये अवसर देता है कि वह हिन्दुओं के बीच में जाकर कहें कि, हिन्दुओ, यह हुकूमत तुम्हारे कानून बदलती है मुसलमानों का कानून नहीं बदलती है। इसका क्या जवाब है पंडित नेहरू के पास, इसका क्या जवाब है हमारे पास।

मैं आप दोस्तों से कहूं .....

شری ابراهیم سیٹھ : سیکولرسٹیٹ کا مطلب یہ ہوتا ہے کہ تمام مذہبوں کو آزادی ہے - مذهب میں دخل دینے کا مطلب نہیں ہوتا -

†[श्री इब्राहीम सुलेमान सेठ : सेकुलर स्टेट का मतलब यह होता है कि तमाम मजहबों को आजादी है। मजहब में दखल देने का मतलब नहीं होता है।]

श्री चन्द्र शेखर : सेकुलर स्टेट का मतलब यह होता है :—

Religion is the instrument of communion between man and God. No sooner it enters the domain of social, political and economic life, it becomes a dangerous concept and needs cautious approach.

SHRI G. H. VALIMOHMED MOMIN (Gujarat); Do not interpret Quran according to modern views.

श्री चन्द्र शेखर : तो मैं यह कहना चाहूंगा कि इस पर कितना ही आप बौखलायें लेकिन हिन्दुस्तान में जब तक कुरान की आयतें कही जायेंगी तब तक उसके साथ शंकराचार्य के सूत्र भी कहे जायेंगे, अगर आपके लिये कुरान पाक है तो माननीय चौरड़िया जी और माननीय अटल बिहारी वाजपेयी के लिये यह भी पाक है कि वह कहें कि सारी दुनिया को आर्य बनाओ। क्या कोई हुकूमत इस बात के लिये इजाजत देगी ? मैं आपसे बड़े अदब से कहूंगा कि हुकूमत का नजरिया साफ नहीं है। एक दबाव पड़ता है तो वह दूसरी तरफ को ढुलक जाती है। अगर हिन्दुस्तान में कम्युनलिज्म के प्राबलम्स को हल करना है या साम्प्रदायिकता की समस्या को हल करना है तो एक ही तरीका है कि ये सारे पर्सनल ला, ये सारे सिविल ला, ये जितने प्रापर्टी राइट्स हैं ये सारे हिन्दुस्तानियों के लिये एक होने चाहिये। इसमें हिन्दू मुसलमान का कोई मतभेद कोई फर्क नहीं किया जा सकता। जब तक यह फर्क रहेगा तब तक उस फर्क के साथ यह हिन्दू मुसलमान की जेहनियत का फर्क भी रहेगा, इसको कोई रोक नहीं सकता। मैं आपसे कहूं कि इसी सदन में मैंने एक बार कहा, बड़े दुःख के साथ कहा, मैं समझता हूं कि इससे कितनी बदनामी हो सकती है, कितनी परेशानी मुझे व्यक्तिगत रूप से हो सकती है, लेकिन मैंने कहा कि माननीय लाल बहादुर शास्त्री काश्मीर में हजरतबल की चोरी के ऊपर जाते हैं और जाने के बाद फोटो छाप कर सारी दुनिया में बांटा जाता है कि हमने इस मुल्क के अन्दर एक करिश्मा कर दिया लेकिन मैं यह सोचता हूं, मैं आपसे पूछता हूं कि केवल हजरत बल की चोरी हुई और ३ लाख मुसलमान भाई १५ दिनों तक श्रीनगर की काश्मीर की गलियों में डोलते रहे, उन्होंने सारे सिविल एडमिनिस्ट्रेशन को पैरालाइज किया ...

شری اے - ایم - طارق : غلط ہے - ایسا نہیں ہوا -

†[श्री ए० एम० तारिक : गलत है। ऐसा नहीं हुआ।]

SHRI CHANDRA SHEKHAR: They were fools. *(Interruptions).*

SHRI A. M. TARIQ: I protest. He must withdraw these words.

fHindi transliteration.

SHRI CHANDRA SHEKHAR: I withdraw these words. *(Interruptions)* .

THE VICE-CHAIRMAN: (SHRI M. P. BHARGAVA): He has withdrawn.

SHRI CHANDRA SHEKHAR: I withdraw these words. I say that they *were* indulging in idiotic activities. They did not know what they were doing.

तो माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहूंगा कि इसके क्या नतीजे होंगे । श्री शमशुद्दीन की हुकूमत से मुझको कोई हमदर्दी नहीं लेकिन इस सदन में कहा जाता था, इस सदन के बाहर कहा जाता था और माननीय तारिक से अभी कह रहा था कि आप आखिरकार क्या कर रहे हो, प्रगतिशील, प्रोग्रेसिव आदमी होते हुए यह बात कहते हो कि इस मसले के ऊपर हुकूमत इस्तीफा दे । तो मैं नहीं जानता कि कल चौरड़िया जी क्या कहेंगे अगर बनारस के मन्दिर की एक मूर्ति गायब हो जाये, तो क्या सारे हिन्दुस्तान की हुकूमत को इस्तीफा देना पड़ेगा । चार मौलवी, चार पंडे अगर चाहें तो इस हुकूमत को--करोड़ों लोगों के जरिये बनी हुई हुकूमत को--उठा कर फेंक दें चार मौलवी या चार पंडों के जरिये हुकूमत में एक हंगामा फैला दिया जाय कि किसी मन्दिर से मूर्ति चोरी चली गई--जैसे कि चौरड़िया जी ने अभी कहा कि हजरत बल को तो ले आये लेकिन जम्मू के मन्दिर से चोरी गई दो मूर्तियों को भूले हुए हैं--इसका मुझे भी अफसोस है । इनके साथ मैं हमदर्दी रखता हूं लेकिन मुझे ज्यादा हमदर्दी है इस राष्ट्र से, इस राष्ट्र के भविष्य से । मुझे ज्यादा हमदर्दी है हिन्दुस्तान के उन तमाम लोगों के साथ जो यहां पर एक नागरिक की हैसियत से, एक सिटीजन की हैसियत से रहते हैं ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव)** : २० मिनट हो गये आपके ।

**श्री चन्द्र शेखर** : मेरे तो २५ मिनट हैं ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव)** : नहीं, आपका टाइम २० मिनट है ।

**श्री चन्द्र शेखर** : ५ मिनट और दे दें ।

तो मैं इस सिलसिले में एक बात और कहना चाहूंगा कि ईस्ट पाकिस्तान में, पूर्वी पाकिस्तान में जो हो रहा है उस से हम सबको दुःख है, हमदर्दी है, गुस्सा भी आता है, तकलीफ भी होती है लेकिन उस गुस्से को ले करके दूसरी तरफ मैं नहीं समझ पाता--मैं अपने माननीय डाह्याभाई पटेल से अभी कह रहा था--कि दिल्ली में जब बैठ कर श्री गोलवालकर, श्री डाह्याभाई पटेल और मेरी पार्टी के नेता श्री ऐच० वी० कामथ माइनारिटी कंवेंशन करते हैं तो हमारा इरादा क्या है ? जब सारे नागरिक जीवन को, सारे सिविल एडमिनिस्ट्रेशन को इस तरह से पैरालाइज किया जाता है तो इसका अर्थ क्या है ? इसका मतलब केवल यह है--चाहे हम यह चाहते हों या न चाहते हों, दिल से चाहते हों या न चाहते हों, अगर आप ऐसा काम करते हैं तो यह इसका नतीजा एक ही है--कि यहां के लोगों के दिलों में यह जेहनियत पैदा करे कि ईस्ट पाकिस्तान में मुसलमानों द्वारा वहां की जो हालत हो रही है उसका यहां बदला लें--हम उसका वहां जाकर बदला नहीं ले सकते । यहां का साधारण नागरिक पाकिस्तान पर हमला नहीं कर सकता । पंडित नेहरू की हुकूमत उसके खिलाफ एकानामिक सेंक्शन करने को तैयार नहीं है--एक बार मनुष्य में जब रोष आता है, गुस्सा आता है--ईस्ट पाकिस्तान नहीं जा सकता, वह जा कर के ढाका पर हमला नहीं कर सकता तो वह किसी मस्जिद को तोड़ेगा । ये जो काम देश में होते हैं उसकी तरफ हमें सोचना है, हमें कहां जाना है । अगर यहां

[श्री चन्द्र शेखर]

पर कोई कंवेंशन होना चाहिये तो इस बात के लिये होना चाहिये कि चाहे ईस्ट पाकिस्तान में कोई काम हो यहां के एक एक अल्पमत के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी यहां के एक एक आदमी के ऊपर है और उसके लिये जो भी कुर्बानी करनी पड़ेगी, करेंगे लेकिन अफसोस है कि कंवेंशन इसलिये नहीं हुआ, कंवेंशन इसलिये हुआ कि ईस्ट पाकिस्तान को माइनारिटीज के लिये जिम्मेदार हम हैं। तो फिर क्या आप अप्रत्यक्ष रूप में यह नहीं कह रहे हैं कि यहां की माइनारिटीज के लिये जिम्मेदार पाकिस्तान के लोग हैं, उसका नतीजा यही होगा—चाहे आप यह चाहें या न चाहें।

मैं आपसे एक बात अर्ज करना चाहता हूं कि सामाजिक जीवन में, राजनैतिक जीवन में, सियासी जिन्दगी में हम एक कदम उठाते हैं यह सोच कर कि उसके नतीजे हमारे मन के मुताबिक होंगे लेकिन एक बार जब क्रम चलता है तो इतिहास की गाड़ी अपने क्रम से चलती है, उसको न पंडित जवाहरलाल नेहरू रोक सकते हैं, न गंगा शरण बाबू रोक सकते हैं न श्री डाह्याभाई पटेल रोक सकते हैं। एक बार मुल्क में यह जेहनियत फैली कि वहां की माइनारिटीज पर जुल्म हो रहा है, इसकी जिम्मेदारी हमारी है, और अगर गुस्सा आयेगा तो उसका नतीजा यही होगा कि फिर इस देश के अन्दर जो माइनारिटीज हैं, उनकी सुरक्षा नहीं हो सकती है।

मैं सबेरे अभी जिक्र कर रहा था जिस तरह से यहां पर हुआ बंगाल में, आपके बिहार में तीन महीने से मुसलमान भाई तार देते रहे, लिखते रहे कि हमको संथालों से खतरा है, हुकूमत को लिखा गया, हमारे नेता श्री एस० एम० जोशी ने लिखा लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला, हुकूमत की ओर से कहा गया कि साधारण बात है। एक बार जब ऐसे झगड़े शुरू होते हैं तो उनको तुरन्त दबाने की कोशिश करनी चाहिये और मैं अपने दोस्तों से कहूंगा जो मेरी बातों से परेशान होते हैं कि अगर यह बात नहीं की गई तो इस मुल्क के सारे सामाजिक जीवन का ढांचा जो है वह हमेशा के लिये समाप्त हो जायगा।

अन्तिम बात मैं यह कहना चाहता हूं— इस देश में जो भ्रष्टाचार फैला हुआ है उसके बारे में मैं केवल एक उदाहरण देना चाहूंगा। यह रिपोर्ट है कमेटी आन प्रिवेंशन आफ करप्शन की, संथानम् जी की, इसमें एक बात लिखी है, यह इसका पैरा २१४ है :—

> "Corruption can exist only if there is some one willing to corrupt and capable of corrupting. We re-great to say that both this willingness and capacity to corrupt is found in a large measure in the industrial and commercial classes. The ranks of these classes have been swelled by the speculators and adventurers of the war period. To these, corruption is not only an easy method to secure large unearned profits but also the necessary means to enable them to be in a position to pursue their vocations or retain their position among their own competitors."

माननीय बलीराम भगत जी यहां बैठे हुए हैं, उनके सूबे की हुकूमत ने क्या किया है, इतना बड़ा स्कैंडल हुआ कि हिन्दुस्तान में कम हुआ होगा, वहां सोन बराज बन रहा है। श्रीमान् डेढ़ करोड़ रुपये का उसके लिये ठेका दिया गया, ग्लोबल टेंडर उसके लिये मांगे गये उन टेंडरों में आस्ट्रेलिया की वायस्ट कम्पनी का टेंडर भी था, सोन बराज के लिए आस्ट्रेलिया की एक कम्पनी वायस्ट ने अपना टेंडर दिया, फिर एक दूसरा कंसर्न "जेसप" है जो पहले मुंदड़ा साहब का था और आज गवर्नमेंट आफ इंडिया का है, उस "जेसप" ने भी अपना टेंडर दिया और दो दूसरी कंसर्न गवर्नमेंट आफ इण्डिया की है उन्होंने टेंडर दिया, किसी का टेंडर मंजूर नहीं हुआ। साल भर के बाद वायस्ट से एक खत लिया जाता है—

माननीय बिरला जी की एक कंसर्न है "टैक्समैको" और वायस्ट लिखते हैं कि टैक्समैको और हमारा साथ साथ काम होता रहा है—और एक साल के बाद उस चिट्ठी के ऊपर "टैक्समैको" को डेढ़ करोड़ रुपये का ठेका दिया जाता है जबकि गवर्नमेंट कंसर्न "जेसप" के ठेके के जो टर्म्स थे, वे "टैक्समैको" से ज्यादा बेहतर थे । मैंने माननीय के० एल० राव को लिखा कि ऐसा ठेका हो रहा है, उन्होंने कहा कि हम तुरन्त इस मामले में कुछ करेंगे, तीन महीने तक जवाब नहीं आता है, तीन महीने तक जवाब नहीं आया तो मैंने फिर रिमाइंडर भेजा, फिर भी जवाब नहीं आया, फिर १५ दिन के बाद मैंने रिमाइंडर भेजा, तब हमको जवाब आता है कि बिहार गवर्नमेंट ने कांट्रेक्ट कर लिया है और हमसे तो केवल कमेंट्स मांगी जाती हैं । मैंने कहा कि उनका जवाब क्या है । मैंने उस जवाब को देखा, हैरान रह गया उसे देख कर जो बिहार गवर्नमेंट ने सफाई दी और माननीय के० एल० राव ने जवाब दिया । इस "टैक्समैको" ने इस तरह के केवल दो काम किये हैं—एक भाखड़ा नंगल में पंजाब में और दूसरा रिहन्द डैम में यू० पी० में और यू० पी० की गवर्नमेंट इलाहाबाद हाईकोर्ट में "टैक्समैको" के खिलाफ मुकदमा चला रही है और पंजाब हाईकोर्ट में पंजाब गवर्नमेंट "टैक्समैको" के खिलाफ मुकदमा चला रही है । दो स्टेट गवर्नमेंट ने इसके पहले ठेके दिये । दोनों मुकदमे चला रहे हैं । बिहार की हुकूमत इसके बावजूद ठेका देती है और जेसप कम्पनी के खिलाफ मैंने लिखा लेकिन सुनवाई नहीं हुई । माननीय गुलजारी लाल नन्दा सदाचार समिति बना रहे हैं, माननीय के० एल० राव साहब इस देश में समाजवाद ला रहे हैं । मैं आप दोस्तों से कहूंगा, माननीय भगत जी से कहूंगा : अगर हिन्दुस्तान की हुकूमत सही मानो में ईमानदारी से भ्रष्टाचार को मिटाना चाहती है तो इस डील की जांच की जाय और इस डील की जांच की जायेगी तो मुझे विश्वास है कि कुछ नतीजा निकलेगा । डेढ़ करोड़ रुपये का ठेका इस तरह से देकर देश की आंखों में धूल झोंकना कुछ अच्छी बात नहीं है । माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, इसके लिये मैं एक बात और कहना चाहता हूं ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री महावीर प्रसाद भार्गव)** : अब तो समय नहीं है ।

**श्री चन्द्र शेखर** : केवल एक बात यह कहना चाहूंगा कि दूसरा सवाल जिसकी ओर हमारा और सबका ध्यान जाना चाहिये वह एग्रीकल्चर और कम्युनिटी डेवलपमेंट के सिलसिले में है । मेरा यह निवेदन है कि माननीय डे साहब ने इस कम्युनिटी डेवलपमेंट ब्लाक के तमाशे को बहुत दिनों तक चलाया, अब इस तमाशे को जितनी जल्द बन्द किया जाय उतना अच्छा है । मैं केवल यह निवेदन करना चाहता हूं कि चूंकि इस अप्रोप्रिएशन बिल का पहला आइटम कम्युनिटी डेवलपमेंट का है । मैं कई ब्लाकों में हुकूमत के कहने से, डे साहब के आदेश से गया । एक कम्युनिटी डेवलपमेंट ब्लाक के आफीसर केवल वहां पर बैठ कर कुछ स्टेटिस्टिक्स बनाने का काम करते हैं, जिनका तथ्यों से, जिनका सदाकत से सच्चाई से वास्ता नहीं है । इस सिलसिले में हुकूमत को अपने इरादे पर गौर करना चाहिये ।

अन्तिम बात मुझे यह कहनी है कि शेख अब्दुल्ला के मामले में माननीय हाथीभाई के दिमाग में सफाई नहीं है । हैरानी है कि हमारे दोस्त किसी माननीय सदस्य ने हिन्दुस्तान टाइम्स में लिख दिया उस पर एतराज उठाया पर मुझे हैरत तो तब हुई जब बख्शी गुलाम मोहम्मद, शेख साहब के छूटने के बाद १२ बजे रात को उनसे मिल कर कहते हैं कि उन्होंने इन्हें गिरफ्तार नहीं किया और अब सारे हिन्दुस्तान में कहा जाता है कि पंडित जवाहरलाल नेहरू से पूछा नहीं गया और शेख साहब को गिरफ्तार कर लिया गया । ग्यारह वर्ष बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू की हुकूमत को यह जरूरत पड़ी कहने की कि

[श्री चन्द्र शेखर]

हमको मालूम नहीं हुआ था कि शेख अब्दुल्ला कैसे गिरफ्तार कर लिये गये। और अब बख्शी साहब भी कहेंगे कि उनको भी मालूम नहीं हुआ। हम उन लोगों मे हैं जिन्होंने कहा था शेख अब्दुल्ला को छोड़ा जाय। एक बात हमारे दिमाग में साफ थी कि अनुच्छेद ३७० को कांस्टीट्यूशन से जाना चाहिये। काश्मीर राष्ट्र का एक अंग है, दुनिया की कोई ताकत उसको अलग नहीं कर सकती। मैं माननीय जयप्रकाश नारायण का बड़ा आदर करता हूं, उन्होंने कहा है कि क्या आप चाहते हैं कि दबाव से काश्मीर को रखें? उनकी शख्सियत बड़ी है--लेकिन इस दुनिया में एक बड़ी शख्सियत अब्राहिम लिंकन की भी हुई जिसने कहा था कि राष्ट्रीय एकता का क्या अर्थ होता है--उसकी रक्षा के लिये, उसकी सार्वभौमिकता के लिये अगर युद्ध भी करना पड़े, कोई भी कुर्बानी करनी पड़े तो मुल्क के किसी आदमी को हिचक नहीं होनी चाहिये। मैं इस हुकूमत से कहूंगा कि केवल जनून जो थोड़ी देर के लिये शेख साहब के हक में है उससे घबड़ा कर पं० जवाहरलाल नेहरू यह नहीं कहें कि उनको मालूम नहीं था कि वे कैसे गिरफ्तार कर लिये गए। बख्शी साहब यह नहीं कहें कि गिरफ्तारी के लिये वे जिम्मेदार नहीं। गलती हुई है तो उसको स्वीकार करो और आगे के लिये एक दृढ़ निश्चय के साथ जो देश की नीति है कि काश्मीर हमारे देश का हिस्सा है, हिस्सा रहेगा, उसको क्रियान्वित करो। इसके अलावा और किसी पौइंट पर बात हो सकती है। लेकिन यह सवाल विवाद से परे है और मुझे विश्वास है माननीय तारिक साहब हिन्दुस्तान मे रहने की कोशिश करेंगे और शेख अब्दुल्ला साहब को भी समझाएंगे और गुस्से में न आकर के, हिन्दू और मुसलमान के सवाल को एक ऊंचे पैराए पर--उस पैराये पर जिस पर एक समाजवादी को सोचना चाहिये, जिस पर उस आदमी को सोचना चाहिये जो सारे कनजरवेटिज्म को छोड़ कर एक नया समाज कायम करना चाहता है, उस समाज के प्रवक्ता की हैसियत से मैं आप मित्रों से अपील करूंगा कि इन सवालों पर सोचें। मुझे विश्वास है हुकूमत उसी दिशा में गतिमान होगी।

**श्री पंढरीनाथ सीतारामजी पाटील** (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, इन विनियोग विधेयक के ऊपर मैं अपने विचार आपकी मार्फत इस सभा के सामने रखना चाहता हूं। हमारे देश की आमदनी इस साल २०६५ करोड़ १२ लाख रु० होगी और हमारा व्यय २०४१ करोड़ ३१ लाख रु० होने वाला है। हमारे बजट में अलग अलग मदें हैं उनके ऊपर मैं विस्तार से बात नहीं करूंगा, कुछ मोटी मोटी बातें ही आपके सामने रखूंगा। उसके पहले मैं पिछले साल की परिस्थिति का कुछ विवरण आपके सामने रखूंगा, जिसका कि परिणाम इस बजट के ऊपर हुआ है। परिस्थिति को ठीक तरह से देखने मे दो दृष्टिकोण मैं अपनाऊंगा। एक तो राजनैतिक और दूसरा आर्थिक, क्योंकि इन दोनों का परिणाम एक दूसरे के ऊपर होता है। राजनैतिक दृष्टिकोण से देखते समय पिछले एक वर्ष मे हमारे देश का मुनाफा होने के बजाय वह घाटे मे ही रहा है। हमारे देश के अड़ोस पड़ोस में जो देश हैं, उनमें से एक बड़ा मुल्क चाइना है और दूसरा देश पाकिस्तान है जो दोनों हमारे विरोध में हैं। उन दोनों की दोस्ती दिन ब दिन बढ़ती जा रही है, वह यहां तक बढ़ने लगी है कि हमको अंदेशा लगता है कि उनमें से किसी एक देश ने हमारे देश के ऊपर फौजी हमला किया तो उसकी मदद के लिये दूसरा देश भी हमारे देश के ऊपर धावा बोलेगा। लेकिन जिनको हम दोस्त राष्ट्र समझते हैं इंग्लैंड और अमेरिका, उनकी तरफ जब हम देखते हैं तो ऐसा लगता है कि वे पिछले साल से इस समय हमसे कुछ दूर नजर आते हैं। वैसे देखा जाय तो इन देशों का दुनिया भर में बड़ा दावा है कि वे प्रजातन्त्र के बड़े भक्त अथवा पुजारी हैं और सारी दुनिया मे प्रजातन्त्र शुरू हो या लोकशाही का बोलबाला हो, ऐसा वे चाहते हैं।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKABAR ALI KHAN) in the Chair].

लेकिन जब पिछले दिनों में यू० एन० ओ० के सामने काश्मीर का सवाल आया तो इन देशों ने जो रवैया अपनाया वह बड़ा सोचने के लायक है। जिस भारत ने पिछले पन्द्रह वर्षों में ऊंची भावना, श्रेष्ठ सिद्धान्त शुद्ध श्रद्धा के साथ, लोकशाही की पूजा की है, देश के सब स्त्री पुरुषों को समान मताधिकार देकर तीन आम चुनाव करके गणतन्त्र की तरफ अपने देश को ले गया है, उस देश को अमेरिका और इंग्लैण्ड ने मदद करनी चाही थी लेकिन उनकी मदद जो हमें दिखाई देती है वह पाकिस्तान की तरफ है, जो हमारे देश के विरोध में खड़ा है। पाकिस्तान ने हमारे देश के ऊपर पन्द्रह साल पहले सैनिक हमला किया, यानी भारत के अभिन्न अंग काश्मीर के ऊपर आक्रमण किया। यू० एन० ओ० की आम सभा ने भी इसी तरह का फैसला दिया है कि आक्रामक देश पाकिस्तान है, अर्थात् आक्रमण पाकिस्तान ने किया है। यह बात तो बारह साल पहले इंग्लैण्ड और अमेरिका ने भी मानी है तभी तो यू० एन० ओ० ने इस तरह की राय दी है। पाकिस्तान वह देश है जहां पन्द्रह साल में एक भी आम चुनाव नहीं हुआ। वहां तो लोकतन्त्र ही नहीं है, डिक्टेटरशिप अथवा तानाशाही का राज वहां पर है। तो यह अमेरिका और इंग्लैण्ड के लिये कौनसी सिद्धान्तों की बात है कि उस देश की तरफ उन्हें झुकना है? पाकिस्तान तो काश्मीर में सर्वमत की बात करता है। भारत सरकार ने काश्मीर में अब तक तीन बार आम चुनाव किये भी हैं। इंग्लैण्ड और अमेरिका जानते हैं कि पाकिस्तान के लोगों ने, जनता ने, मतदान की पेटी का शुरू से आज तक एक बार मुंह भी नहीं देखा। उस पाकिस्तान का यह कहना कि काश्मीर में सर्वमत लेना चाहिये कहां तक न्याय संगत है? और उसमें अमेरिका और इंग्लैण्ड ने उसको साथ देना, यह कितने अचम्भे की बात है। इसीसे उनकी हमारे देश के साथ दोस्ती कहां तक सही है इसका पता लग रहा है। अगले महीने काश्मीर का सवाल यू० एन० ओ० में फिर से आने वाला है तो उस समय फिर से पता चल जायेगा कि अमरीका तथा इंग्लैण्ड हमारे देश के साथ किस तरह का बर्ताव करते हैं। जैसा कि उन्होंने शुरू में पाकिस्तान का साथ दिया था अगर अब भी उन्होंने ऐसा ही बर्ताव किया और पाकिस्तान का साथ दिया तो हमें फिर से इन देशों के साथ अपने सम्बन्ध के बारे में सोचना चाहिये। मेरा तो यही खयाल है कि इंग्लैण्ड से ज्यादा सही अमरीका के लोग गणतन्त्र के भक्त हैं।

१२ साल पहले पाकिस्तान पूरी तरह से इंग्लैण्ड और अमरीका के साथ था उस समय चीन और पाकिस्तान एक दूसरे के खिलाफ थे। अब यह बात साफ है कि चीन और पाकिस्तान आपस में पक्के दोस्त बने हैं। वे एक दूसरे के गले में गला डाल रहे हैं और एक दूसरे के सहारे दुनिया में अपना अनुचित काम करना चाहते हैं। इस परिस्थिति को अमरीका के सामने सही तरीके से लाना है और यह कार्य हमारी सरकार को उचित ढंग से त्वरित ही करना चाहिये। हमें इस बारे में अभी तक कामयाबी नहीं हुई है लेकिन मेरा विश्वास है कि अगर हम ठीक तरह से यह काम करेंगे, यानी अमेरिका को अपना दृष्टिकोण तथा पाकिस्तान की दगाबाजी अच्छी तरह से समझा सकेंगे तो वह अवश्य हमारी बात को समझेगा। और हमारे देश के विरोध में अमरीका सम्भवतः नहीं जायेगा। जहां तक इंग्लैण्ड का सवाल है वह हमारे देश मे १५० साल से भी ज्यादा अरसे तक राज्य करता रहा है और उसकी यहां से जाने की इच्छा नहीं थी। वह यहां अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिकूल परिस्थितिवश तथा कांग्रेस के आन्दोलन की वजह से चला गया, उसे इस देश को छोड़ना पड़ा। ब्रिटिश सरकार ने यहां से जाते जाते हमारे देश के दो टुकड़े कर दिये और वह हमारे देश में हिन्दू और मुसलमान

[श्री पंढरीनाथ सीतारामजी पाटील]

के विद्वेष का विष बोकर चला गया । उस समय से आज तक हर समय उसने हमारे खिलाफ यू० एन० ओ० में पाकिस्तान का साथ दिया । ऐसी स्थिति में हमारी सरकार को तथा नेताओं को सोचना चाहिये कि ऐसे देश के कामनवैल्थ में यानी ब्रिटिश राष्ट्रकुल में भारत को अब आगे रहना चाहिये या नहीं रहना चाहिये । अगले महीने यू० एन० ओ० में काश्मीर का मामला फिर से आने वाला है उस समय साफ मालूम हो जायेगा कि पश्चिमी देश क्या रवैया अपनाते हैं । उनके रवैये को देख कर हमारी सरकार को कामनवैल्थ में रहने की बात सोचनी चाहिये ।

इसके बाद मैं अपनी परराष्ट्र नीति के बारे में इतना ही कहूंगा कि भारत की जो तटस्थता की नीति है वह बड़ी कामयाब रही है । वह नीति केवल हमारे ही लिए नहीं, बल्कि सारे विश्व शान्ति के लिए हितकारी रही । इसलिए हमें दृढ़ता के साथ तटस्थता की नीति पर चलना चाहिये । चीन और पाकिस्तान ये दोनों देश भारत की तटस्थ नीति को तथा समाजवादी आर्थिक तरक्की को सह नहीं सकते हैं । हमारा देश कुछ तरक्की करे, कुछ प्रगति करे, वे ऐसा नहीं चाहते हैं । हम तो यह चाहते हैं कि चीन का उत्कर्ष हो और जितने भी हमारे पड़ौसी देश हैं उनकी खूब उन्नति हो । हमने यू० एन० ओ० में चीन की मेम्बरी के लिए शुरू से ही कोशिश की क्योंकि वह हमारा निकट का पड़ौसी देश है । अगर हमारा पड़ौसी देश दुखी रहेगा तो उसका परिणाम हमारे ऊपर हो सकता है । अगर हमारा पड़ौसी सुखी रहता है तो उसके सुख का फायदा पड़ौसी देश के नाते हमें भी मिल सकता है । पाकिस्तान एक हरा भरा देश हो, वहां पर प्रजातन्त्र आ जाय, उस देश में खूब तरक्की हो, यही हम चाहते हैं । लेकिन वह देश हमारी उन्नति नहीं चाहता है, उलटा जान बूझ कर भारत के आर्थिक विकास की योजनाओं में बाधा डाल रहा है । वह एक सिक्यूलर स्टेट, यानी भारत जैसा धर्म निरपेक्ष राज्य नहीं है, वह एक इस्लामी मजहब पर चलने वाला स्टेट है । पाकिस्तान का हमारे साथ लड़ने का असली उद्देश्य यह है कि वहां भारी आर्थिक विषमता है । सम्पत्ति और शासन मुट्ठी भर लोगों के ही हाथ में है और जनता में काफी असन्तोष है । लोगों के आर्थिक विकास की कोई भी योजना वहां की सरकार के पास नहीं है । असन्तुष्ट पाकिस्तानी जनता को भुलावा देने के उद्देश्य से वहां की सरकार और नेता समय आने पर इस्लामी धर्म के नारे लगा कर अपना काम निकालते हैं । उनकी धर्मान्धता का परिणाम भविष्य में यह होगा कि जब तक दूसरे मजहब के लोग और देश उसके आसपास रहेंगे तब तक वह उनके साथ झगड़ा करता रहेगा । ऐसी परिस्थिति में जब तक पाकिस्तान की जनता और सरकार मजहब की नीति पर चलना नहीं छोड़ती है तब तक हमारे धर्म निरपेक्ष राष्ट्र के साथ उनके सम्बन्ध सुधर नहीं सकते हैं । अस्तु, चाइना तथा पाकिस्तान के आक्रमण से हमारे संरक्षण खर्चे का बड़ा बोझ इस बजट पर पड़ना स्वाभाविक है ।

इस समय हमारे देश के सामने दूसरे अनेक बड़े बड़े प्रश्न हैं जिसका मैं अब थोड़ा सा उल्लेख करना चाहता हूं । इस समय जो पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित आ रहे हैं उनको बसाने का काम हमारे देश को प्रथम करना है, उनको उद्योग देने का कार्य भी करना है ; साथ ही साथ जो लोग पूर्वी पाकिस्तान में नहीं रहना चाहते हैं उनको वहां से लाने का कार्य करना है । हमें अपनी तरफ से इस बात की कोशिश करनी चाहिये कि जो अल्पसंख्यक लोग पाकिस्तान से यहां आना चाहते हैं उनको दुनिया भर की मदद से वहां से यहां लाया जाय, यह काम जल्दी होना चाहिये ।

हमारा जो सुरक्षा का विभाग है उसको काफी मजबूत बनाना चाहिये । मैंने कल और परसों इस सदन में कई मित्रों की बात सुनी

जिसमें उन्होंने यह कहा कि सुरक्षा विभाग के लिए वित्त वर्ष से अगले वर्ष के बजट में एक करोड़ रुपया कम रख गया है सरकार को इस तरह की कटौती नहीं करनी चाहिये क्योंकि हमारे देश के ऊपर इतना बड़ा परचक्र का खतरा आया हुआ है। अगर सरकार देश की सुरक्षा साधनों को प्राप्त करने लिए और खर्च बढ़वाना चाहती है तो हमें उसको देना चाहिये क्योंकि तब ही हमारे देश की रक्षा हो सकती है। हमें अपने देश की रक्षा के लिए दुनिया से जहां जो कुछ भी युद्ध साहित्य मोल मिलता है वह लेना चाहिये और साथ ही साथ सुरक्षा विभाग को देश की रक्षा के लिए जितने भी धन की आवश्यकता है वह दूसरे सारे विभागों से फिजूलखर्ची को रोक कर, कम करके तथा नये टैक्स लगा कर भी दिया जाना चाहिये।

इसके बाद जो बड़ा प्रश्न देश के सामने है वह अनाज का है। हमारे देश में अनाज की बहुत कमी है। आपको मालूम है कि करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये का अनाज हमारे देश में हर साल विदेशों से आता है तब यहां लोगों का निर्वाह होता है। तो यह हमारे देश के लिये बड़े दुःख की बात है क्योंकि यह देश खेती प्रधान है। अपितु इस देश में कृषि एक-मात्र सबसे बड़ा उद्योग है। अगर हमारे देश की कृषि उद्योग को छोड़ दिया जाय तो इतने बड़े विशाल देश में कोई ऐसी दूसरी बड़ी इंडस्ट्री यानी बड़ा उद्योग नहीं है। तो ऐसे खेती प्रधान देश में भी अनाज दूसरे देशों से लाना पड़े, यह बड़े दुःख तथा लज्जा की बात है। इसलिये हमारे शासन को इस सम्बन्ध में गम्भीरता से सोचना चाहिये।

इसका भी उल्लेख हमारे कुछ माननीय सदस्यों ने किया है कि खेती की फसलों की कीमतें बहुत गिरी हुई हैं। यह बात बिल्कुल सही है कि दूसरी वस्तुओं के मुकाबिले में देखा जाय तो खेती में पैदा होने वाली वस्तुओं की कीमतें बहुत कम हैं। ऐसी परिस्थिति में तो सरकार का यह कर्त्तव्य है कि खेती के माल की यानी खेती के वस्तुओं की बाजार में ठीक ठीक कीमत मिले ऐसी उचित कार्यवाही करना, ऐसा जब तक नहीं होगा तब तक हमारे देश का कृषि उत्पादन नहीं बढ़ेगा। खेती के लिये किसानों को बहुत सी सहूलियतें चाहियें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, देश में किसानों की हालत कितनी गिरी हुई है, इसका अगर नमूना देखना हो तो रिजर्व बैंक या स्टेट बैंक के मार्फत कोआपरेटिव बैंकों की शाखायें हमारे देश में सब जगह हैं उनके सारे कार्यालयों से आंकड़े मंगवाये जायें तो पता चलेगा कि अपने देश के किसानों के ऊपर करोड़ों नहीं, बल्कि अरबों रुपये का कर्जा हो चुका है। ऐसी हालत में जो कर्जों से पीड़ित किसान हैं, वह अपनी खेती में क्या पैदावार करेगा? वह कहां से पैसा अपनी खेती में लगायेगा? तो इस स्थिति को गौर के साथ सोचना चाहिये और इसको सुलझाने के लिये एक योजना बनानी चाहिये। ऊंचे स्तर पर कृषि विशेषज्ञों का एक कमीशन बनाना चाहिये जो यह पता लगाये कि देहातों की इतनी बुरी हालत क्यों हुई है और उनके सुधारने के लिये क्या किया जाय। उस कमीशन के जरिये सारे देश में घूम करके देहातों की पूरी हालत मालूम की जाय और उसकी एक रिपोर्ट की जाय। इसके लिये कोई ऐसी ठोस पालिसी या कोई ठोस कदम उठाया जाय इसकी नितांत आवश्यकता है।

छोटे उद्योगों तथा ग्रामोद्योगों की भी हमारे देहातों में बहुत कमी है उसका बढ़ावा सरकार को करना चाहिये।

शिक्षा के लिये अभी मध्यवर्त्ती सरकार ने यह तय कर लिया है कि कुल आमदनी का १० प्रतिशत खर्चा इसी विभाग पर करना, इसके लिये मैं सरकार को यह बहुत धन्यवाद देता हूं। तथापि इन पैसों का उपयोग देहात के लोगों के लिये होना चाहिये क्योंकि वे देश में सबसे ज्यादा धन पैदा करने वाले होकर भी,

[श्री पंढरीनाथ सीताराम जी पाटील]

शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही पिछड़े हुये हैं। उनको कोई अपा चुनटो यानो उचित संधी नहीं मिलती है। देहातों में जब प्राइमरी शिक्षा की ही मसीबत है, तो वहां कालेज की शिक्षा कहां से मिलेगी? वहां गरीब मजदूर और किसानों के लड़कों को कालेज की उच्च विद्या कैसे मिलेगी? भारत सरकार इस वर्ष में शिक्षा प्रसार पर ज्यादा धनराशि खर्च करने वाली है, इसका बहुतांश उपयोग देहात के लोगों के बच्चों के खास कालेजेज तथा विद्यार्थी वेतन इत्यादि योजना में ही होना चाहिये जिससे उनको सही तरह से और तुरन्त सहायता मिल सके।

अन्त में मैं यह कहूंगा कि देश को शक्तिशाली बनाने के लिये शासन को और जनता को अगले वर्ष में पूरे प्रयत्न करने चाहियें और इसके लिये यह बजट उपयोगी सिद्ध होगा, यह आशा रख करके आपकी इजाजत लेता हूं।

SHRI RAM SINGH (Utter Pradesh) : Mr. Vice-Chairman, though I am a new Member to this House, I know that all my senior colleagues in this House, irrespective of Party affiliations, have been criticising the Government for its inefficiency, mal-administration and corruption in all walks of life. How can the ruling Party justify its existence if it has failed in its elementary objective of providing a clean administration free of corruption and nepotism and favouritism? To me it seems to be,a dream which may never be fulfilled as long as the present Government clings to power. This is nothing new that I am saying. People in all walks of life are disheartened and want a change as soon as possible. They are groaning under heavy taxation and want a solution to the fast increasing cost of living but the things have, however, been otherwise. The cost of everything has gone up and people have to pay fifty per cent, more for wheat alone since last year and sugar costs thirty per cent. more. When I complain about the price of food-grains, let me make it clear that we want remunerative prices for the agriculturists. We must have fair price shops—a thing which has been suggested a number of times inside and outside the House. Let the producer be guaranteed a remunerative price. At the same time, the consumer should not suffer. The food-grains can be indirectly subsidised by the Government.

Look at the foodgrains. There has been a lot increase in respect of other necessities also. In the absence of proportionate increase in income, the lot of the community has become much harder. In the grim struggle for existence, the socialistic aim of raising the standard of living is impossible of achievement. The Plans, in consequence, are becoming self-defeating. Sir, $i_n$ $m_v$ humble opinion if we have to arrest the trend of rising prices and thus end the frustration among the people, we must control the Government's indebtedness and spending and replace it with private investment as far as possible. If any method requires immediate attention, it is the control over Government spending and replacement by private in vestment. If the economy of the nation is to prosper then it must take care of the private sector. The private sector does not require any finance from the Government as the public sector but the private sector does require the self-generating economy not to be put out of gear by oppresive taxation and undue interference. Is it not high time that the Government stops this juggernaut of nationalisation? On the contrary it is developing it. We are going in for rice mill, flour mills and may even take over the banks. I humbly submit that the Government should abandon the present wrong and disastrous notion that the traders and merchants are anti-social i

and, therefore, everything should be done by the Government to discourage and destroy them.

In conclusion, I cannot do better than quote my colleugue, Mr. Masani, wh0 said in the other House that if there were to be any awareness of the realities on the part of the Treasury Benches, they will have come today and said, "Stop, enough damage has been done by us. We will now drop this measure" but of course, that would be too much to expect because, Sir if I may say so, the country is today in the hands of economic quacks. The patient suffers from low blood pressure, there is stagnation but the patient is now being treated for high blood pressure, instead of for low blood pressure. It is just like a patient suffering from low blood pressure having leeches put on him to draw away the little blood that remains in him. This is the kind of treatment that the country is being subjected to todav. Sir, let us economise. Let the Government not play with the peoples' money. By adopting the Appropriation Bill we are placing a huge amount of money at the hands of an inefficient Government.

Thank you,

SHRI A. K. A. ABDUL SAMAD (Madras): Mr. Vice-Chairman, I have to thank you sincerely at the outset for having kindly given me this opportunity of making my first speech in this honourable House consisting of respectable leaders, scholars and savants as Members. I take it as a matter of considerable pride, to speak first in this House, on* an important subject like the Appropriation (No. 2) Bill, 1964.

Though it is a matter of gratification that no new taxes have been levied upon the people, please allow me to say that the taxation in our country has reached the saturation point leaving not much room for new impositions. Therefore if one has



derived any satisfaction it is not from the absence of any additional taxation but from the relief which people get from taxes which have already heavily weighed upon them. People, of course, do know that they have to make all possible sacrifices during a time of emergency. It has to be said that in this poor country of ours people are keenly feeling the discon-centing burden of existing heavy taxes. Therefore, it is only reasonable that they have been looking forward to some relief from the weight that is bearing heavily upon them.

THE VICE CHAIRMAN (SHRIMATI TARA RAMCHANDRA SATHE) in the Chair.

It is indeed gratifying that the Compulsory Deposit Scheme has been abolished thereby affording an im-por'ant relief, particularly to the lower income groups. At the same time I may say that the Government might have with grace given up the collection of arrears also under the 'Scheme without haroing much upon the advantage this will give to those who have not paid their dues up to the specified date. The Government wi*h the authority and power in their hands need not be worried over the contention that this will give an encouragement to defaulters.

The large number of goldsmiths in the country have been with reason exoecting some relief at the hands of the new Finance Minister who is known for making concessions where thev are deserved. But the Finance Minister, refusing to abrogate the Gold Control Order in any material manner, has keenly disappointed ft large sect'on of the class of goldsmiths who have been thrown out of their age long profession. The much talked of measures of relief intended for their benefit have not produced anv appreciable relief for them. If their voice of distress and discontent is not heard so much as it was heara at the beginning it does not mean that the condition of this class oi people has improved but it mean»

[Shri A. K. A. Abdul Samad.]

that their voice has got mingled up with that of the vast multitude of unemployed in the land and has, unfortunately, strengthened the clamour of discontent in the country.

It is a pity, Madam, that the Finance Minister with his keen eyes for facts has not been able to hear this roar of the stream of unemployed in the land. .It is admitted on all hands that small and cottage industries are the ones that have to be encouraged because it is those industries that will bring immediate relief to the ranks of the unemployed under the present conditions of the country. Handloom weaving is the most important amongst such industries deserving all possible help and encouragement. Though certain measures of the Government, particularly those that have been carried out through co-operative societies have given some sustenance to the handloom industry, it cannot be said that it is sufficiently rehabilitated. It is still feeling shaky and nervous under the impact of the modern machine age. This industry cannot be properly stabilised unless and until a substantial portion of the cloth required by the country, particularly of the coarse variety; is definitely and securely reserved for it.

Madam, I belong to a minority community. I can understand and appreciate the sufferings and feelings of another minority. The heart and genuine sympathy of my community goes **out** to the members of the minority communities who are forced to come to India not only from Pakistan but also from such countries as Burma, Ceylon, Fiji and so on. We are gratified that the Government of India has welcomed, and are doing all that is possible for the rehabilitation of the refugees from Pakistan. We are glad that a good number of them are allotted to the State to which i am proud to belong, that is, Madras. We shall indeed do everything to soothe the sore heart of these people and to make **their** life comfortable in our midst,

The rehabilitation of such people is a huge responsibility which can be undertaken only by the Governments and that too by the Central Government of India. It is therefore just and right that the Central Government has taken upon itself the task of caring for these unfortunate refugees. In the same way I want to impress upon the Government that justice demands that it should also take upon itself the cause of~the refugees who are coming to India from other countries also which I have mentioned already and in which they were sojourning for a long time owing to the exigencies of life.

I would like to mention here the case of Indians in Burma who are in a distressing and most unfortunate situation. Tens of thousands of these Indians in Burma have been hit hard by the way in which Burma's nationalisation policy has been carried out. Their assets have been unceremoniously and arbitrarily seized from them and they are paid no compensation for their assets. I may just mention that the Indian Embassy could not do anything to help them during the crucial days of the arbitrary implementation of the nationalisation policy in Burma because for one thing, the Indian Ambassador was not in that country at that time. And I am not sure whether even the officer next to him reached Burma even today. The poor helpless Indians were left to their own resources and they did not know what to do. One result of this position is even people who were doing some decent business were made penniless and when they wanted to go to India, their motherland, they did not have the money even for it. Even with regard to those who could borrow—of course with difficulty—there were no steamers to take them to India. Neither were there sufficient air passages for them where a few could afford. **But** most people were left helpless and penniless in a foreign country the Government of which had suddenly become inconsiderate and unfriendly I to them. It is an unenviable position

for the citizens of India in any country.

It is a little heartening at this juncture to read in the Press an announcement of the Indian Embassy in Burma that they are arranging steamer voyages between Burma and India and also an increase in the air passages wherever needed. The Indian Eimbassy in Burma should also be instructed to take up the matter very seriously with the Burmese Government and to obtain fair compensation for the properties nationalised by the Government secure the necessary permission for the transfer of those moneys to India promptly and without difficulty, and to arrange for travel documents for those Indians who want to leave for their mother country.

Madam, when the question of Indians or the people of Indian origin arose in Ceylon soon after its independence the matter was not taken up by the Government of India with the Ceylon Government in a sufficiently strong and firm manner as a question touching the life of hundreds of thousands of people ought to have been taken up. The result is, even after the passage of many years the matter is not yet settled and the people concerned are left drifting in numerous difficulties and indignities. This kind of dealing with Ceylon seems to have encouraged other countries to meet out the same treatment to Indians or to men of Indian origin. One country after another is following Ceylon. Indians in their tens of thousands are now reduced to the position of flight from Burma and Fiji islands. Is it not peremptory that the Government of India should at least at present take a definite, serious and firm stand with the countries where such cases have occurred or are occurring in connection with Indians or men of Indian origin? Is it not necessary to do so to maintain the fair name of our country and to save lakhs and lakhs of human beings from misery?

It is highly regrettable and deplorable that the minority communities in Pakistan have been reduced to such an untenable and miserable plight as to force them to leave their own motherland and take refuge in our country. It is iniquitous that the Government of Pakistan is not able to make these minorities live willingly inj their own country.

But this cannot be any justification whatever for the treatment given to the minorities in our country, especially the Muslftn community, in recent times. This holocaust to which the Muslim minorities were subjected reached its climax in the happenings in West Bengal followed by those in parts of Bihar, Orissa and Madhya Pradesh. The orgy of violence, perpetrated upon the Muslims and their properties has been premeditated and planned, as has been touchingly testified to by no less a person than Shri Jaya Prakash Narayan. Instead of my attempting to describe the nature of the violence inflicted upon the minority community I would content myself with quoting a passage from the statement issued the other day by Shri Jaya Prakash Narayan and certain of his friends.

After regretting that the sufferings of the victims in India are no less real and intense than in Pakistan they barely find any expression in the Indian Press thereby creating a wrong image in our minds about the happenings in India, they say;

"Atrocities have been committed in India that are as beastial, shameful and unthinkable as any committed elsewhere. But *we* fail to perceive any real concern in the people about them vecause they do not know the facts; women and pregnant women at that have been cut down, children bludgeoned to death, babies thrown into fires, young women raped to death. These and such other acts make one feel like dying of shame."

[Shri A. K. A. Abdul Samad.]

These gentlemen speak from their anguished hearts and represent the ancient soul of India. For one thing I would like to say that as long as such men live—they will always live—in our country the minorities need not be in despair and our country cannot and will not be immersed in inexplicable grief. With such high souls in our midst our country will be able to hold its head high and erect in the world.

The rehabilitation of the victims of the unfortunate happenings in India too must primarily be the concern of the Government. I may ooint out that the rehabilitation done in time is the essence of the whole work. When the relief is given quickly, it will show to the world that the Government would not countenance such evil doings and will serve as an effective check on the anti-social forces in the country and it will prevent it spreading to other parts of the country. I would just like to mention here that the tentacles of these anti-social forces have reached even Madras in the South and there have been certain incidents in Madras city the other day. The Government must really show their earnestness by taking firm and right action in such matters and impress upon the anti-social elements that they cannot do good to anybody and cannot achieve any good object.

I want to draw pointed attention to one aspect of the authorities' action in connection with such anti-social incidents in the country. The members of the minority Muslim community are the victims and the aggrieved persons in such happenings. But it is they who find themselves arrested by the police. It was so in Calcutta and I understand it is so in Madras todav. Law and order my be a State subiect, but the Centre has got a real responsibility for seeing that uniform justice is done throughout the country, that the victims in whatever part of the country are given the protection of law an» a sense of security.

I want to tell the Government that the spirit of violence has gone to Madras State also. For some time a certain ssctioi* of the press has been carrying on a provocative and poisonous propaganda. To the knowledge of the public the Government of the State has not taken steps to put an end to such an activity. ,It is said that a procession was taken out by some parties with slogan shouting in a Muslim labour area in the city of Madras. In spite of the requests of the Mussalmans to the police the procession was unnecessarily stopped before a mosque and they indulged in a vociferous shouting of slogans. Moreover, some crackers were exploded, a few Muslim shops were looted and a few Muslims were injured On top of this it appears that Muslims have been taken into police custody and not a single person con-corned with the procession has been arrested. As this kind of violence seems to be going from State to State, it is the responsibility of the Centre to step in and take effective measures to prevent such spreading of violence.

I thank you again for the opportunity kindly given to me to speak on this occasion and commend the points of my observations to the sympathetic consideration of the Government in the interest of the well-being of the country as a whole.

شری اے - ایم - طارق : شریمن

وائس چیرمین - ویسے مجھے آج کوئی
تقریر کرنے کا خاص خیال نہیں تھا
لیکن میرے معزز دوست آنریبل
چلدر شیکھر صاحب نے دو تین باتیں
ایسی کہی ہیں جن کا جواب دینا
میرے لئے انتہائی لازمی ہے - مجھے
ان کے لہجے سے ان کے ٹون سے اور

ان کے غصہ سے اتفاق نہیں ہے - میں جانتا ہوں کہ وہ کافی پڑھے لکھے آدمی ہیں اور عام معاملوں میں انتہائی شریف بھی دکھائی دیتے ہیں لیکن جس طرح اور جس انداز سے اپنے بھائیوں کے بارے میں "فلس" اور اس کے بعد اس سے بھی سخت الفاظ استعمال کئے اس سے مجھے افسوس ہوا - مجھے ان سے ہمدردی ہے اس لئے کہ مجھے کبھی اس لہجہ اور اس زبان کی ان سے توقع نہیں تھی - مجھے اب بھی امید ہے کہ وہ اس لفظ کو واپس لیں گے صرف اس لئے نہیں کہ اس ایوان میں انہوں نے کہا ہے بلکہ یہ لفظ ہو سکتا ہے کبھی ان کے زندگی کے بارے میں استعمال کیا جائے - مجھے امید ہے کہ وہ اس لفظ کو بھی واپس لیں گے اور چونکہ ان کا تعلق ایک ایسی جماعت سے ہے جس کے راہ نما ہمارے بھی راہ نما رہ چکے ہیں خاص طور پر گنگا بابو جو انتہائی شریف اور دانش مند ہیں اور معاملہ فہم ہیں - مجھے امید ہے گنگا بابو ان کی اس بات کی طرف توجہ دلائیں گے -

انہوں نے دو باتوں کا تذکرہ کیا ہے - ان باتوں سے انہوں نے حکومت پر حملہ کرنے کی کوشش کی ہے - جہاںتک مزرائیل کا تعلق ہے شاید آنریبل ممبر کو یہ معلوم نہیں ہے کہ ۱۹۴۰ء میں جب اس ملک کو آزادی بھی نہیں ملی تھی اور ابھی انگریزی حکومت تھی اس وقت سے مزرائیل کا کونسل بمبئی میں تھا اس لئے کہ اس وقت جو یہودی نازی جرمنی سے یا اور ملکوں سے بھاگ کر آ رہے تھے کہ ان کی مدد کی جائے - اب تک حکومت ہندوستان نے مزرائیل کی کونسل جنرل کو ڈپلومیٹک رکگنیشن نہیں دیا ہے - تو اس قسم کی باتوں کا سوال ہی پیدا نہیں ہوتا - جہاں تک اس پارٹی کا تعلق ہے میں آنریبل ممبر کی توجہ دلانا چاہتا ہوں کہ ڈپلومیٹک کنوینشن کچھ ہوتے ہیں - ان کنوینشن کے تحت جن کو جنیوا کنوینشن کہا جاتا ہے - مزرائیل کے ایک کونسل جنرل کو دلی میں پارٹی دینے کا بھی حق نہیں تھا - سب سے پہلے کونسل جو ہے وہ بمبئی میں ہے اور ڈپلومیٹک پریویلیج کے تحت وہ صرف بمبئی کی حدود میں اپنے ملک کے بارے میں پارٹی دے سکتے ہیں - انہوں نے وزارت خارجہ ایکسٹرنل افیرس سے پوچھے بغیر اس پارٹی کا انتظام کیا جو ایکسٹرنل افیرس تو معلوم ہوا تب انہوں نے اس کی طرف توجہ دلائی لیکن تین چار دفعہ ریمائنڈ کرانے کے باوجود بھی حکومت اس کا پتہ نہیں پا سکی - اور جب وہ دہلی میں آئے ہماری دلی کے متعلق انہوں نے اس بات کو

[ شری اے - ایم - طارق ]

تسلیم کیا اور انہوں نے یہ کہا کہ وہ اپنی پارٹی کو کینسل کرتے ہیں لیکن اس کے بعد انہوں نے اپنی پارٹی کو اشوک ہوٹل کے اس کمرہ میں کرنی چاہی جس میں وہ ٹھہرتے ہیں تو حکومت کے لئے یہ ٹھیک ہے ان کنوینشن کا احترام کرنا چاہیئے چاہے وہ ہمارے حق میں ہوں یا ہمارے خلاف ہوں ہمیں یہ سمجھکر کہ کسی باہر کے دباؤ کے تحت ہم نے ایسا کیا ہے تو جن لوگوں کے دباؤ کے تحت ہم نے کیا ہو ان کو بھی تکلیف ہوتی ہے - عرب ملک ہمارے بھی دوست ہیں اور عرب ملکوں میں یہودی بھی رہتے ہیں نہایت اچھی زندگی بسر کرتے ہیں آج بھی یو - اے - آر میں تقریباً تیس ہزار یہودی رہتے ہیں انہیں کوئی تکلیف نہیں ہے - لیکن اگر اس چیز کے پیش نظر کہ کانگریس - حکومت پر حملہ کرنا ہے کسی غلط واقعہ کو بنیاد بنایا جائے تو کل بھی تکلیف گلزا بابو کو ہوگی جب وہ اس ملک کی حکومت سنبھالیں گے -

دوسری بات ہمارے دوست مسلمانوں کے بارے میں اور مسلم لا کے بارے میں کہی ہے - میں مسلم لا کے بارے میں اپنی ایک علیحدہ رائے رکھتا ہوں - جہانتک قومیت کا تعلق ہے - اس ملک کا قانون ہر شخص کے لئے قانون ہے - میں ان مسلمان بھائیوں سے بھی اتفاق نہیں کرتا ہوں جو کہتے ہیں کہ قرآن اور حدیث کے تحت مسلم پرسنل لا سے مسلمانوں پر روک ہوتی ہے - اس قانون قرآن اور حدیث کے مطابق ہی ہوتا تو ہندوستان میں آج اتنے بہت سے قانون ہیں پاکستان میں بھی ایسے ہی قانون ہیں مصر میں بھی ایسے قانون ہیں جن کا اسلام سے کوئی تعلق نہیں ہے - لیکن ان کے قوانین کو اسلامی ہونا چاہیئے تھا - اور مسلم لیگ کے میرے معزز دوست یہاں بیٹھے نہیں ہیں جو مسلم لیگ کے ساتھ ہیں میں ان سے پوچھتا ہوں کہ حدیث کی رو سے اگر کوئی مسلمان چوری کرے تو اس کے ہاتھ کاٹ دیئے چاہئیں اور اس کے لئے کوئی دوسری سزا نہیں ہے - اگر کوئی شخص کسی غیر عورت پر حملہ کرے تو اس کو سنگسار کرنا چاہئیے پتھروں سے مارنا چاہئے - لیکن ہندوستان پاکستان مصر اور دوسرے اسلامی ملکوں میں یہ قوانین نہیں ہیں - آج کل کی سوسائٹی میں قوانین میں تبدیلی ہو چکی ہے اگر ہندوستان کے مسلمانوں نے بھی ان قوانین کو مان لیا ہے تو اس قانون کے معاملے میں کوئی دقت نہیں ہونی چاہئیے اس لئے کہ اس قانون میں ہمارا ایک جذبہ ہے ہماری چند خواہشات پوری ہوتی ہیں جن کو جزو کہا جاتا ہے - لہذا میں اس

بل کو اسلامی ٹھہراتا ہوں اور پہلووں کو بھول جاتا ہے - لہذا انسان کو اپنی ذاتی خواہشات کے متعلق اسلام کو استعمال نہیں کرنا چاہئے - یا تو مسلمان یہ کہیں ہندوستان میں ان کے لئے ہر معاملہ میں اسلامی قوانین ہوں - یہ کیسے ہو سکتا ہے کہ مسلمان چوری کرے اور صرف چھ مہینے کی سزا پائے - وہاں تو اپنے فائدہ کے لئے وہ ویسے ہی قانون کو مانتا ہے اور دوسری بات میں غور کرتا ہے - بہر حال میں یہ چاہتا ہوں کہ قانون ہو یا سیول کورٹ ہو اس میں جو حق مجھے ہو وہ سی - تی - پانڈے کو ہو لوجن اروڑا کو ہو اور مسلمان کو بھی ہو - اس میں دو رائے نہیں ہیں اور میں مسلمان بھائیوں سے یہ درخواست کروں گا کہ موجودہ سماج اور موجودہ دنیا جو چل رہی ہے ان کے ساتھ وہ بھی بدلنے کی کوشش کریں ورنہ اس سوسائٹی میں وہ بہت پیچھے رہیں گے اور ایک قوم کی حیثیت سے ان کو تکلیف ہوگی -

5 P. M.

میرے دوست چندر شیکھر صاحب نے فسادات کے بارے میں بھی ذکر کیا اور انہوں نے یہ کہا کہ فسادات کے روکنے کی ذمہ داری حکومت پر ہے - میں اس کو ضروری سمجھتا ہوں لیکن صرف حکومت فسادات کو نہیں روک سکتی - گلزا بابو مجھ سے بہتر بزرگ ہیں - سیاسی لحاظ سے بھی جسمانی لحاظ سے بھی دانش مندی کے لحاظ سے بھی اور عقل میں بھی - کھنڈو بھائی بھی یہاں بیٹھے ہیں - سی - تی پانڈے بھی بیٹھے ہیں اور لوگ بھی ہیں - آزادی سے پہلے ہم فسادات کو کیسے روکتے تھے جب انگریزوں کی حکومت تھی - جب انگریزوں کی حکومت تھی تو ان کی یہ کوشش ہوتی تھی کہ فسادات ہو جائیں اور ہم ان کو روکتے تھے - اس لئے کہ اس وقت کی سوسائٹی اور سماج کے بنانے والے ہم تھے - اس وقت محمد علی مرحوم کی ماں بھی تھی - گلزا بابو کی بھی ماں تھی جواہر لال نہرو کی بھی ماں تھی اور اس وقت مولانا شوکت علی مولانا محمد علی مہاتما گاندھی سردار پٹیل جواہر لال نہرو ہاتھ میں ہاتھ دے کر فسادات کو روکتے تھے - فسادات کو کوئی حکومت ہی نہیں روک سکتی کوئی پولیس نہیں روک سکتی - فسادات کو روکنے کا کام میرا ہے - گلزا بابو کا ہے - اگر ہم لوگ آج سیاسی اغراض و مقاصد کے لئے لوگوں کو غلط راستہ پر نہ ڈالیں تو فسادات رک سکتے ہیں - فسادات کو روکنے کا کام ہمارا ہے - اس وقت میں سمجھتا ہوں کہ تمام جماعتیں مل بیٹھ کر ایک پروگرام بناتی تھیں کہ اس ملک میں انگریز کی سازش کے باوجود فسادات نہیں ہونے دیں گے - یہ سب

[ شری اے - ایم - طارق ]

سے بڑی فتح تھی اور انگریزوں کی شکست تھی - جب ہمارے پاس اتنا بڑا تجربہ ہے اتنا بڑا ریکارڈ ہے تو ہم کو خالص حکومت کہکر حکومت کے اہل کاروں کے مارل کو ختم نہیں کرنا چاہئے - مجھکو گنگا بابو کے ہاتھ میں ہاتھ دے کر یہ چھوڑ کر کہ وہ کس جماعت میں ہیں میں کس جماعت میں ہوں کام کرنا چاہئیے اس لئے کہ انسانیت کا قتل ہو رہا ہے - انسانیت ختم ہو رہی ہے اور ہندوستان کی شرافت کو دھکا پہنچ رہا ہے - شرافت کے ٹھیکہ دار نہ گنگا بابو ہیں نہ جواہر لال ہیں بلکہ ہندوستان کا ہر شہری ہے - یہ ہماری میراث ہے اور اس میراث کو قائم رکھنا ہے اور ہمیں ایک دوسرے کے ہاتھ میں ہاتھ دے کر چلنا ہے اور سرکار کو بھی - خود ہم سرکار ہیں ہم شہری ہیں اور یہ ہماری حکومت ہے تو میں درخواست کروں چلد شیکھر صاحب سے جو کانگریس ہیڈکوارٹر میں تشریف لائے ہیں - بڑی خوشی کی بات ہے بڑی جلدی آئے ہیں ورنہ تو ہم انتظار کر رہے تھے کہ وہ کچھ دنوں کے بعد آنے والے ہیں - تو وہ ان چیزوں کی طرف خیال رکھیں گے -

انہوں نے شیخ عبداللہ کا بھی ذکر کیا - شیخ صاحب یہاں کل آنے والے ہیں - میں ان کے بارے میں اپنے خیالات کا اظہار کر چکا ہوں - ہمارے وزیراعظم صاحب کی بھی یہی رائے ہے - اور میرا خیال ہے ہر سلجھے ہوئے آدمی کی بھی رائے ہونی چاہئے کہ وہ یہاں آ جائیں اور ان سے بات چیت کی جائے - آخر وہ ہمارے شہری ہیں انہوں نے ہندوستان کی شہریت کو تسلیم کیا ہے - اگر ایک آدمی اپنی ولدیت سے انکار کرے - اگر علی محمد طارق یہ کہے کہ اس کی ماں نہیں ہے جس نے اس کو جنم دیا ہے کیوں کہ یہ حقیقت ہے کہ جس ماں نے مجھکو جنم دیا ہے وہ میری ماں ہے چاہے میں اس کو مانوں یا نا مانوں - جس طرح سے چلدر شیکھر صاحب جوش میں کچھ باتیں کہہ سکتے ہیں اسی طرح سے شیخ صاحب بھی کہہ سکتے ہیں جوش میں کوئی غلط بات کہیں - تو اس بات سے ہم کو گھبرانا نہیں چاہئے - شیخ عبداللہ کو دیکھنے کے لئے بہت لوگ آتے ہیں - جن لوگوں کی کچھ سیاسی تاریخی یادداشت ہے ان کو معلوم ہوگا کہ آزادی کی جنگ میں آئیڈیا کا ایک مومنٹ چلا تھا - اس وقت لوگ جواہر لال نہرو مہاتما گاندھی بادشاہ خان سب کو بھول گئے تھے - سہگل ڈھلو - شاہ نواز کی

ہی بات کرتے تھے لیکن اگر آج دیکھیں گے تو نہ سیکل ملتے ہیں نہ فلو ملتے ہیں لیکن یہ چوڑے ماہ نواز یہاں پر موجود ہیں - تو یہ ایک چیز ہوتی ہے اور یہ وقتی چیز ہے - شیخ عبداللہ ۱۱ سال تک جیل میں رہے اور گیارہ سال میں آدمی کی عمر بڑھتی ہے - چھوٹے چھوٹے بچوں نے ان کا نام سنا تھا اور آج ان کی عمر سولہ سال کے قریب ہو گئی ہے اور وہ ان کو دیکھنا چاہتے ہیں - گیارہ سال سے وہ شیخ عبداللہ کو سنتے آئے ہیں اچھے رنگ میں بھی اور برے رنگ میں بھی - کچھ لوگ ان کے حق میں ہیں اور کچھ لوگ ان کے خلاف ہیں - تو تمام لوگ دیکھنا چاہتے ہیں کہ یہ کون آدمی ہے اور کیسا آدمی ہے - چونکہ ہم کشمیری کچھ پستہ قد ہوتے ہیں چھوٹے چھوٹے قد کے ہوتے ہیں اور ہم میں عجیب و غریب شخصیت ہے اس کی اور شیخ صاحب ایک بڑے آدمی ہیں اور اس لحاظ سے ہم کو دیکھنا چاہئے - انہوں نے کشمیر کی تحریک آزادی میں بڑا حصہ لیا ہے اور ان کا بہت بڑا ہاتھ رہا ہے - آپ ہسٹری کو بھلا نہیں سکتے ہیں جو انہوں نے کشمیر کے لئے کام کیا ہے اس لحاظ سے لوگ ان کو دیکھنے کے لئے آتے ہیں -

شیخ عبداللہ کا مقابلہ ہم لوگ سیاسی طور پر کریں گے فوجی طور پر نہیں کریں گے - میں ان لوگوں کے حق میں نہیں ہوں جو یہ سمجھتے ہیں کہ شیخ عبداللہ کو گرفتار کیا جائے - اس طرح سے ہم مسئلہ کو حل نہیں کر سکتے ہیں - شیخ عبداللہ کے دلائل کا جواب دلائل سے دیں گے اور اگر شیخ عبداللہ ہم کو یہ سمجھاتے ہیں کہ وہ طاقت سے کوئی فیصلہ کریں گے تو ہم بھی طاقت سے مقابلہ کریں گے دلائل کا جواب دلائل سے دیں گے - اگر وہ کہتے ہیں کہ ہندوستانی نہیں تو ہم ثابت کر دیں گے کہ وہ ہندوستانی ہیں - اس کے باوجود بھی اگر وہ نہ مانے تو ہم کو ان چیزوں سے گھبرانا نہیں چاہئے - ہندوستان کے لوگوں نے بہت طوفان دیکھے ہیں یہ بھی ایک طوفان ہے آئے گا اور گزر جائے گا - ہمارے سر سے بہت طوفان گزرے بقول جواہر لال نہرو کے - مجھے نہیں معلوم ہے کہ ان کا اپنا شعر ہے جو انہوں نے اندور میں انڈین پیپلز کانفرنس میں پڑھتا تھا -

گر پڑے گر کر اٹھے اٹھ کر چلے
اس طرح طے کی ہیں ہم نے منزلیں

تو اس طرح سے ایک اور طوفان آ کر گزر جائے گا اور ہندوستان اپنی جگہ پر قائم رہے گا - لیکن ضرورت ہے جرات کی اور ہمت کی -

[ شری اے - ایم - طارق ]

اب میں فائنلس بل کے متعلق دو ایک بات عرض کرنا چاہتا ہوں - جہاں تک چندر شیکھر صاحب اور کچھ ممبران کا اس بات سے تعلق ہے کہ ہماری فارن پالیسی فارن پبلیسیٹی کا جہاں تک تعلق ہے شاید اس سے بہتر کوئی پالیسی ہو - لیکن جہاں تک فارن پبلیسیٹی کا تعلق ہے وہ کوئی زیادہ ٹھیک نہیں ہے - مجھے ابھی افریقی ملکوں میں گھومنے کا موقعہ ملا ہے - ان لوگوں کے دل میں ہندوستان کے لئے انتہائی ہمدردی ہے - اس میں شبہ کی بات نہیں ہے - میں نے الجیریا کے بہت بڑے بڑے لوگوں سے بات چیت کی ہے - جنہوں نے آزادی کے لئے لڑائی کی اور جنہوں نے آزادی کے لئے صحیح قیمت ادا کی - جس ملک کے ۱۰ لاکھ لوگوں نے گولی کھا کر گولی چلا کر آزادی حاصل کی وہ ہی سچی آزادی ہے - جب ان سے بات چیت کی جائے تو وہ مہاتما گاندھی مولانا ابوالکلام آزاد سبھاش بوس اور پنڈت جی کا نام انتہائی احترام سے لیتے ہیں لیکن وہ یہ سمجھتے ہیں کہ ہم میں کچھ خامیاں ہیں کیوں کہ ہم نے اس چیز کو چند ایسے افسروں کے ہاتھ میں رکھا ہے جن کا رہن سہن سوچنے کا ڈھنگ بالکل انگریزی ہے - میں حکومت کی اس بات سے اتفاق نہیں کر سکتا ہوں کہ ہمارے ایمبیسیڈر صرف آئی - سی - ایس ہی ہو سکتے ہیں - جمہوری ملک میں ایمبیسیڈر وہ ہونے چاہئیں جنہوں نے جمہوریت کے لئے جنگ کی ہو - جو جمہوریت کی قدر جانتے ہوں اور جنہوں نے جمہوریت کی اہمیت کو سمجھا ہو - آپ ان ملکوں کو دیکھئے الجیریا کو دیکھئے - ۳۰ سال سے زیادہ کوئی وزیر نہیں ہے سوائے ایک دو کے - ایک تو اسلام کے اوقاف کو جو وزیر ہیں اور سعید محمد ہیں جو ڈیفنس منسٹر ہیں فوج کے آدمی ہیں باقی سب تیس اکتیس بتیس اور انتیس سال کے ہیں - ان کے ایمبیسیڈر کو سب لوگ جانتے ہیں رشید جلانی جو آج کل نیویارک میں ایمبیسیڈر ہیں - لیکن ہماری یہ ذلت ہے کہ آئی - سی - ایس ہی ایمبیسیڈر ہو سکتا ہے اور کوئی نہیں ہو سکتا ہے - لہذا ہم کو اس طرف توجہ کرنی چاہیئے - لیکن افریقہ کے ملکوں میں ہندوستان کے لئے کافی احترام ہے - ہمارا حال یہ ہے کہ ہم پلاؤ کھاتے ہیں لیکن گندے پانی سے ہاتھ دھلاتے ہیں تو اس پلاؤ کا سارا نشہ اور مزہ کرکرا ہو جاتا ہے - مجھ سے انہوں نے خود کہا کہ صاحب جب ہم ہندوستان کے سفیر سے ہاتھ ملاتے ہیں تو ایسا

معلوم ہوتا ہے کہ ان کے ہاتھ پر دستانہ چڑھا ہوا ہے - اس طرح کا ان کا احساس ہے - پھر نائیجیریا جیسے ملک میں چینیوں نے چالیس لاکھ ڈالر دینے میں سامان دیا ہے - ڈاکٹر دینے میں ہمارے فائننس منسٹر اور ہماری سرکار کا کم سے کم اتنا فرض تو تھا کہ ان سے کہہ سکتی کہ ہم آپ کی اتنی مدد کر سکتے ہیں اسمال اسکیل انڈسٹری میں مدد کر سکتے ہیں - کاٹیج انڈسٹری میں مدد کر سکتے ہیں یا چار پانچ ڈاکٹر ہی وہاں بھیج دیتی تو ہمیں ان باتوں کی طرف توجہ کرنی چاہئے -

اس کے ساتھ ہی ساتھ میں سرکار کی توجہ اس طرف بھی دلانا چاہتا ہوں کہ جمہوریت کی بنیاد یا کسی ملک کی اقتصادی زندگی کی بنیاد بڑے بڑے مکانوں پر نہیں ہوتی جمہوریت اور اقتصادی زندگی کی بنیاد چھوٹے چھوٹے مکانوں میں ہوتی ہے - اگر اچھے مکانوں میں روشنی نہ ہو اگر آپ کے لوگوں ہندوستان کے ۴۰ کروڑ لوگوں کی تعلیم کی ضرورت تھیلے کی ضرورت لوادہ کی صحت اچھی نہ ہو تو یہ جمہوریت جمہوریت نہیں رہتی - آج بھی مصر میں آپ دیکھئے کہ ۳ آنے میں ایک آدمی گذارا کرتا ہے - سرکار روٹی کو سبسڈائز کرتی ہے - دو آنے میں - میں اور پانڈے صاحب تو دو دن میں ایک روٹی کھائینگے لیکن وہ ایک وقت میں کھاتے ہیں اور ایک آنے کی اس کے ساتھ سبزی ملتی ہے -

اس کے علاوہ آپ دیکھئے کہ ہمارے بعد مصر نے ٹیلی ویژن کا کام شروع کیا اور آج دنیا کا اس معاملہ میں وہ سب سے بڑا ملک ہے - ان کے پاس ایک سینٹر ہے اور امریکہ میں بارہ سینٹر ہیں لیکن پروگرام کے لحاظ سے ٹیلی ویژن میں مصر سب سے آگے بڑھ گیا ہے - اگر مصر کی حکومت اور وہاں کے لوگوں کے درمیان کوئی رابطہ ہے تو وہ ٹیلی ویژن ہے فلم ہے اور تعلیم ہے - ہم کو ان چیزوں کی طرف توجہ دینی چاہئے - وہاں ایک ایک یونیورسٹی میں ۳۰ - ۴۰ ہزار لڑکے ہیں لیکن ہر دس لڑکوں کے پیچھے ایک پروفیسر ہے - ہم اس ملک کی اقتصادی زندگی اس وقت تک ٹھیک نہیں کر سکتے جب تک ہم ان باتوں کی اہمیت کو نہیں سمجھینگے - اور جب تک ہم انسان سے مساوی سلوک نہیں کرینگے - آج بھی اس ملک کی دولت چند لوگوں کے ہاتھ میں ہے - آج بھی اس ملک میں تعمیر و ترقی اور سیاست چند لوگوں کے اشارہ میں ناچتی ہے - ڈیموکریسی میں کسی

[ شری اے - ایم - طارق ]
شخص کو کسی فرد کو دوسرے فرد سے
زیادہ اہمیت نہیں ہے -

میں وزیر صاحب سے جاننا چاہونگا
کہ پچھلے چند سالوں سے اس ملک
میں فارن ایکسچینج کے کئی
جھگڑے کھڑے ہیں - جن میں بڑے
بڑے لوگ انوالو ہیں - اگر ایک
غریب آدمی روپئے کا ٹیکس نہیں
دیتا ہے - اگر ایک چھابڑی والا نئی دلی
میں یا پرانی دلی میں ٹیکس
نہیں دیتا ہے تو اس کی چھابڑی
اٹھا کر پھینک دی جاتی ہے - ایک
سب سے بڑے کیس کے بارے میں
میں فائننس منسٹر صاحب سے
اس ایوان میں جاننا چاہتا
ہوں -

THE VICE-CHAIRMAN (SHHIMATI TARA RAMCHANDRA SATHE): Please wind up.

SHRI A. M. TARIQ: Another five minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI TARA RAMCHANDRA SATHE) ; You have taken 18 minutes.

SHRI A. M. TARIQ: Then I will continue tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI TARA RAMCHANDRA SATHE): No, no. You finish in two minutes.

SHRI A. M. TARIQ: What happened to this Home Insurant Co. scandal in which Rs. 30 lakh foreign exchange is involved? Who is the big businessman or his son who is involved in it, the Home Insurance Co. of Bombay? And .1 would like to know from the hon. Minister about Volkart Algeria & Co. I would like to know about Nagarmal Jamnadas. I would like to know about Govind Narain & Co. And specially I would like to know what is behind this Home Insurance Co. Who are the people who are involved?

श्री बी०आर०भगत : आप तो जानते होंगे ।

SHRI A. M. TARIQ: No, no. The House must know. It must come from you.

श्री बी०आर० भगत : आप ही बताइये ।

شری اے - ایم - طارق : میں تو
آپ کو بتا رہا ہوں - اور میں آپ
سے پوچھتا ہوں کہ یہ ہوم انشورنس
کمپنی جس میں کم از کم ۳۰ لاکھ
کا غبن ہے اس میں چوں کہ ہندوستان
کے ایک بڑے بزنس مین کا بیٹا انوالو
ہے اس لئے کیا سرکار نے اس کیس کو
دبا رکھا ہے - اگر آپ اس ملک کو
سوشلزم دینا چاہتے ہیں تو سوشلزم
آپ یہ کہہ کر نہیں دے سکتے ہیں کہ
طارق سے ایک سلوک ہوگا اور
سی - ڈی - پانڈے سے ایک سلوک
ہوگا - دونوں کو ایک لاٹھی سے آپ
ہانکئے تو ہم آپ کے ساتھ ہیں -
میں یہ اپیل کرتا ہوں - ہوم
انشورنس کمپنی کے بارے میں کیا
فائننس منسٹر صاحب کو اس ایوان
میں کہنا پڑیگا کہ ایسا کیوں ہوا -
جب یہ معاملہ پکڑا گیا تو انشورنس
کے لفافوں میں روپیہ باہر بھیجا جاتا
تھا اور فارن ایکسچینج میں ۳۰ لاکھ
ہونا بڑی بات نہیں ہے - کراس
بارس ایکسچینج کیس میں آپ
دیکھیں کہ کیا ہوتا ہے - آپ کہتے
ہیں کہ ہماری دوستی کیوں نہیں
ہوتی ہے ایشیائی ملکوں سے ؟ کیسے

ہو - حکومت نے ٹھنڈر انوائٹ کئے - اس میں جاپان کا ٹھنڈر سب سے کم تھا لیکن ایک فارن کمپنی جس میں امریکہ اور برطانیہ کا ھاتھ تھا اس میں ۸۰ لاکھ روپئے کا فرق ہے اور اس کے باوجود بھاجہم کی ایک کمپنی کو وہ دیا گیا - کیوں -؟ جب جاپان نے یہ کہا کہ جو چیز آپ مانگتے ہیں وہ بنا کرکے ہم آپکو دینگے اور اگر نہ دیں تو ھم پیسہ نہیں لینگے - تو ۷۰ لاکھ کا فارن ایکسچینج اس ملک کے لئے بہت بڑی چیز ہے - میں ان دو تین باتوں کے بارے میں حکومت سے یہ جاننا چاہونگا کہ ایک بڑے ٹرانسمیٹر کے بارے میں آپ کو معلوم ہے کہ وائس آف امریکہ کے خلاف اس ملک میں ایک آواز اٹھی - پھر آپ نے چیکوسلواکیہ سے لینے کو کہا - چیکوسلواکیہ نے کہا کہ ہم پندرہ یا سولہ مہینے میں دینگے - آپ یہ جانتے ہیں کہ روس نہیں دے سکتا ہے اور آپ روس سے لینا چاہتے ہیں - اب اولیتاز سے بات چیت چل رہی ہے - ہم جاننا چاہتے ہیں کہ وولٹاز کے کنڈیشنس کیا ہیں -

آخر میں میں صرف ایک بات کہکر اپنی تقریر ختم کرونگا مسٹر بھٹو نے کہا ہے کہ کشمیر میں اس وقت ریولٹ ہو رہا ہے - یہ غلط ہے - ہندوستان ایک جمہوری ملک ہے اور یہاں کے لوگوں کو یہ حق حاصل ہے کہ اگر ان کو کوئی تکلیف ہو تو وہ آواز اٹھائیں - کشمیر میں کوئی ریولٹ نہیں ہے - اگر وہاں ریولٹ ہوتا تو شیخ محمد عبداللہ دلی نہ آتے - اس بات کا بہترین ثبوت یہ ہے کہ شیخ محمد عبداللہ کل ہوائی جہاز سے یہاں آئینگے - اگر واقعی کسی ملک میں ریولوشن آنے کا خطرہ ہے تو وہ پاکستان اور خالص پاکستان ہے— آپ پچھلے دس سالوں میں دیکھئے کہ پاکستان میں کتنی دفعہ مارشل لا لگو ہوا ہے او رپاکستان نے کتنی دفعہ حکومتیں بدلی ہیں - آج بھی ایک افغان قبائلی کا بیان آیا ہے کہ بلوچستان میں بم گرائے جاتے ہیں - ہندوستان کے کسی شہر میں حکومت نے کبھی بم نہیں گرائے ہیں لیکن ہندوستان کے لوگوں کو یہ حق ہے کہ جب ان کو تکلیف ہو تو وہ احتجاج کریں - یہی جمہوریت ہے - اگر کسی ملک میں جمہوریت نہیں ہے اور اگر کسی ملک میں ریولیوشن ہوگا یا ہونے والا ہے تو وہ صرف پاکستان ہے اور دنیا کے وہ تمام لوگ جو امن قائم کرنا چاہتے ہیں ان سے میں یہ اپیل کرونگا کہ وہ پاکستان کے لوگوں کو اس ظلم و ستم سے نجات دلانے کے لئے کوئی قدم اٹھائیں ورنہ پاکستان کے لوگ جس ظلم و ستم کا شکار ہو

[ شری اے - ایم - طارق ]
رھے ھیں اس کی ذمہ داری ان تمام لوگوں پر ھوگی جو دنیا میں امن قائم کرنا چاھتے ھیں -

میں آپ کا شکریہ ادا کرتا ھوں -

†[श्री ए० एम० तारिक : मैडम वाइस चेयरमैन ! वैसे मुझे आज कोई तक़रीर करने का ख़ास ख्याल नहीं था लेकिन मेरे मुअजिज़ दोस्त आनरेबिल चन्द्र शेखर साहब ने दो तीन बातें ऐसी कही हैं जिनका जवाब देना मेरे लिए इन्तहाई लाज़मी है । मुझे उनके लहजे से, उनके टोन से और उनके गुस्से से इत्तफ़ाक़ नहीं है । मैं जानता हूं कि वह काफी पढ़े लिखे आदमी हैं और आम मामलों में इन्तहाई शरीफ भी दिखाई देते हैं लेकिन जिस तरह और जिस अन्दाज़ से अपने भाइयों के बारे में "फ़ुलिश" और उसके बाद इससे भी सख्त अल्फाज़ इस्तेमाल किये उससे मुझ अफसोस हुआ । मुझे उनसे हमदर्दी है इसलिए कि मुझे कभी इस लहजे और इस ज़ुबान की उनसे तवक्को नहीं थी । मुझे अब भी उम्मीद है कि वह इस लफ्ज को वापिस लेंगें सिर्फ इसलिए नहीं कि इस ऐवान में उन्होंने कहा है बल्कि यह लफ्ज़ हो सकता है कभी उनकी ज़िन्दगी के बारे में भी इस्तेमाल किया जाये । मुझे उम्मोद है कि वह इस लफ्ज़ को भी वापिस लेंगे और चूंकि उनका ताल्लुक एक ऐसी जमात से है जिसके रहनुमां हमारे भी रहनुमां रह चुके हैं, ख़ास तौर पर गंगा बाबू जो इन्तहाई शरीफ और दानिशमन्द हैं और मामला फहम हैं । मुझे उम्मीद है गंगा बाबू उनकी इस बात की तरफ तवज्जो दिलायेंगे ।

उन्होंने दो बातों का तज़करा किया है । इन बातों से उन्होंने हुकूमत पर हमला करने की कोशिश की है । जहां तक इज़राइल का ताल्लुक है शायद आनरेबिल मेम्बर को यह मालूम नहीं है कि १९४० ई० में जब इस मुल्क को आज़ादी भी नहीं मिली थी और अभी अंग्रेज़ी हुकूमत थी उस वक्त से इज़राइल का कोंसल बम्बई में था इसलिए कि उस वक्त जो यहूदी नाज़ी जर्मनी से या और मुल्कों से भाग कर आ रहे थे उनकी मदद की जाये । अब तक हुकूमते हिन्दुस्तान ने इज़राइल की कोंसिल जनरल को डिप्लोमेटिक रिकगनीशन नहीं दिया है । तो इस किस्म की बातों का सवाल ही पैदा नहीं होता । जहां तक इस पार्टी का ताल्लुक है मैं आनरेबिल मेम्बर की तवज्जो दिलाना चाहता हूं कि डिप्लोमेटिक कन्वेन्शन कुछ होते हैं । इन कनवेन्शन के तहत, जिनको जिनेवा कनवन्शन कहा जाता है, इज़राइल के एक कोंसल जनरल को दिल्ली में पार्टी देने का भी हक़ नहीं था । सब से पहले कोंसल जो है वह बम्बई में है और डिप्लोमेटिक प्रिविलेज के तहत वह सिर्फ बम्बई के हदूद में अपने मुल्क के बारे में पार्टी दे सकते हैं । उन्होंने वज़ारते-ख़ारजा, एक्सर्टनेल अफेयर्स, से पूछे बग़ैर इस पार्टी का इन्तज़ाम किया । जो एक्सटर्नल अफेयर्स को मालूम हुआ तो उन्होंने इसको तरफ तवज्जो दिलाई, लेकिन तीन चार दफा रिमाइन्ड कराने के बावजूद भी हुकूमत इसका पता नहीं पा सकी । और जब वह दिल्ली में आये, हमारी दिल्ली के मुत्तल्लिक उन्होंने इस बात को तसलीम किया और उन्होंने यह कहा कि वह अपनी पार्टी को कैंसल करेंगे, लेकिन इसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी को अशोका होटल के उस कमरे में करना चाहा जिसमें वह ठहरते हैं । तो हुकूमत के लिए यह ठीक है इन कन्वेन्शन का एहतराम करना चाहिए, चाहे वह हमारे हक़ में हों या हमारे ख़िलाफ हों । हमें यह समझ कर कि किसी बाहर के दबाव के तहत हमने ऐसा किया है तो जिन लोगों के दबाव के तहत हम ने किया हो उनको भी तकलीफ होती है । अरब मुल्क हमारे भी दोस्त हैं और अरब मुल्कों में यहूदी

†Hindi Transliteration.

भी रहते हैं, निहायत अच्छी जिन्दगी बसर करते हैं। आज भी यू० ए० आर० में तक़रीबन तीस हजार यहूदी रहते हैं । उन्हें कोई तकलीफ नहीं है । लेकिन अगर इस चीज़ के पेशनजर कि कांग्रेस हुकूमत पर हमला करना है किसी ग़लत वाक़या को बुनियाद बनाया जाये तो कल यही तकलीफ गंगा बाबू को होगी जब वह इस मुल्क की हुकूमत सम्भालेंगे ।

दूसरी बात हमारे दोस्त मुसलमानों के बारे में और मुस्लिम लॉ के बारे में कही है । मैं मुस्लिम लॉ के बारे में अपनी एक अलहदा राय रखता हूं । जहां तक कौमियत का ताल्लुक है, इस मुल्क का कानून हर शख़्स के लिए कानून है । मैं उन मुसलमान भाइयों से भी इत्तफाक नहीं करता हूं जो कहते हैं कि क़ुरान और हदीस के तहत मुस्लिम पर्सनल लॉज से मुसलमानों पर रोक पड़ती है । अगर क़ानून क़ुरान और हदीस के मुताबिक़ ही होता तो हिन्दुस्तान में आज इतने बहुत से क़ानून हैं, पाकिस्तान में भी ऐसे ही क़ानून हैं, मिस्र में भी ऐसे क़ानून हैं जिनका इस्लाम से कोई ताल्लुक नहीं है लेकिन उनके क्वानीन को इस्लामी होना चाहिए था । और मुस्लिम लीग के मेरे मुअजिज़ दोस्त यहां बैठे नहीं हैं । जो मुस्लिम लीग के साथ हैं मैं उनसे पूछता हूं कि हदीस की रूह से अगर कोई मुसलमान चोरी करे तो उसके हाथ काट देने चाहिए और इसके लिए कोई दूसरी सज़ा नहीं है । अगर कोई शख़्स किसी ग़ैर औरत पर हमला करे तो उसको संगसार करना चाहिए, पत्थरों से मारना चाहिए । लेकिन हिन्दुस्तान, पाकिस्तान, मिस्र और दूसरे इस्लामी मुल्कों में यह क्वानीन नहीं हैं । आजकल की सोसाइटी में क्वानीन में तब्दीली हो चुकी है । अगर हिन्दुस्तान के मुसलमानों ने भी इन क्वानीन को मान लिया है तो इस कानून के मानने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, इसलिए कि इस क्वानीन में हमारा एक जज़बा है, हमारी चन्द ख़्वाहिशात पूरी होती हैं जिनको जुज़ कहा जाता है । लिहाज़ा मैं इस बिल को इस्लामी ठहराता हूं और पहलुओं को भूल जाता हूं । लिहाज़ा इन्सान अपनी ज़ाती ख़्वाहिशात के मुतल्लिक इस्लाम को इस्तेमाल नहीं करना चाहिए । या तो मुसलमान यह कहे, हिन्दुस्तान में उनके लिए हर मामले में इस्लामी क्वानीन हैं । यह कैसे हो सकता है कि मुसलमान चोरी करे और सिर्फ छः महीने की सज़ा काटे ? वहां तो अपने फायदे के लिये वह वैसे ही कानून को मानता है और दूसरी बात में शोर करता है । बहरहाल, मैं यह चाहता हूं कि कानून हो या सिविलकोर्ट हो उसमें जो हक़ मुझे हो वही सी० डी० पांडे को हो, अर्जुन अरोड़ा को हो और मुसलमान को भी हो । इसमें दो राय नहीं हैं और मैं मुसलमान भाईयों से दरख़्वास्त करूंगा कि मौजूदा समाज और मौजूदा दुनिया जो चल रही है उनके साथ वह भी बदलने की कोशिश करें वरना इस सोसायटी में वह बहुत पीछे रहेंगे और एक कौम की हैसियत से उनको तकलीफ होगी ।

5 P.M.

मेरे दोस्त चन्द्र शेखर साहब ने फसादात के बारे में भी जिक्र किया और उन्होंने यह कहा कि फसादात के रोकने की जिम्मेदारी हुकूमत पर है मैं इसको ज़रूरी समझता हूं लेकिन सिर्फ हुकूमत फसादात को नहीं रोक सकती । गंगा बाबू मुझ से बहुत बुजुर्ग हैं । सियासी लिहाज से भी, जिस्मानी लिहाज से भी, दानिशमन्दी के लिहाज से भी और अक़ल में भी । खंडूभाई भी यहां बैठे हैं । सी० डी० पांडे भी बैठे हैं और लोग भी हैं । आजादी से पहले हम फ़सादात को कैसे रोकते थे जब अंग्रेजों की हुकूमत थी । जब अंग्रेजों की हुकूमत थी तो उनकी यह कोशिश होती थी कि फसादात हो जायें और हम उनको रोकते थे इसलिए कि उस वक्त की सोसायटी और समाज के बनाने वाले हम थे । उस वक्त मुहम्मद अली मरहूम की मान भी थी । गंगा बाबू की भी मान थी, जवाहरलाल नेहरू की भी मान थी और उस वक्त मौलाना शौकत अली, मौलाना

[श्री ए० एम० तारिक]

मुहम्मद अली, महात्मा गांधी, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू हाथ में हाथ देकर फसादात को रोकते थे। फसादात को कोई हुकूमत ही नहीं रोक सकती, कोई पुलिस नहीं रोक सकती। फसादात को रोकने का काम मेरा है, गंगा बाबू का है। अगर हम लोग आज सियासी इगराज व मकासिद के लिये लोगों को गलत रास्ते पर न डालें तो फसादात रुक सकते हैं। फसादात को रोकने का काम हमारा है। इस वक्त, मैं समझता हूं कि, तमाम जमातें मिल बैठकर एक प्रोग्राम बनाती थीं कि इस मुल्क में अंग्रेज की साजिश के बावजूद फसादात नहीं होने देंगे। यह सबसे बड़ी फतह थी और अंग्रेजों की शिकस्त। जब हमारे पास इतना बड़ा तजुर्बा है, इतना बड़ा रिकार्ड है तो हमको खालिस हुकूमत कह कर हुकूमत के अहलकारों के मोरेल को खत्म नहीं करना चाहिए। मुझको गंगा बाबू के हाथ में हाथ देकर, यह छोड़ कर कि वह किस जमात में हैं, मैं किस जमात में हूं, काम करना चाहिए, इसलिए कि इन्सानियत का कत्ल हो रहा है, इन्सानियत खत्म हो रही है और हिन्दुस्तानी की शराफत को धक्का पहुंच रहा है? शराफत के ठेकेदार न गंगा बाबू हैं, न जवाहर लाल हैं बल्कि हिन्दुस्तान का हर शहरी है। यह हमारी मीरास है और इस मीरास को कायम रखना है और हमें एक दूसरे के हाथ में हाथ देकर चलना है और सरकार को भी। खुद हम सरकार हैं। हम शहरी हैं और यह हमारी हुकूमत है। तो मैं दरख्वास्त करूं चन्द्र शेखर साहब से जो कांग्रेस बैंचेज में तशरीफ लाये हैं। बड़ी खुशी की बात है बड़ी जल्दी आये हैं वर्ना तो हम इन्तजार कर रहे थे कि वह कुछ दिनों के बाद आने वाले हैं। तो वह इन चीजों की तरफ ख्याल रखेंगे।

उन्होंने शेख अब्दुल्ला का भी जिक्र किया। शेख साहब यहां कल आने वाले हैं, मैं उनके बारे में अपने ख्यालात का इजहार कर चुका हूं। हमारे वजीरे आजम साहब की भी यही राय है और मेरा ख्याल है हर सुलझे हुए आदमी की यही राय होनी चाहिए कि वह यहां आ जायें और उनसे बातचीत की जाये। आखिर वह हमारे शहरी हैं, उन्होंने हिन्दुस्तान की शहरीयत को तसलीम किया है। अगर एक आदमी अपनी वलदियत से इनकार करे, अगर अली मुहम्मद तारिक यह कहे कि उसकी मां नहीं है जिसने उसको जन्म दिया है क्योंकि यह हकीकत है जिस मां ने मुझ को जन्म दिया है वह मेरी मां है, चाहे मैं उसको मानूं या न मानूं। जिस तरह से चन्द्र शेखर साहब जोश में कुछ बातें कह सकते हैं उस तरह से शेख साहब भी कह सकते हैं। जोश में कोई गलत बात कहें तो इस बात से हमको घबराना नहीं चाहिए। शेख अब्दुल्ला को देखने के लिये बहुत लोग आते हैं। जिन लोगों की कुछ सियासी तारीखी याददाश्त है उनको मालूम होगा कि आजादी की जंग में आई० एन० ए० का एक मूवमेंट चला था। उस वक्त लोग जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी, बादशाह खान सब को भूल गये थे। सहगल, ढिल्लो, शाहनवाज की ही बात करते थे। लेकिन अगर आज देखेंगे तो न सहगल मिलते हैं, न ढिल्लो मिलते हैं लेकिन बेचारे शाहनवाज यहां पर मौजूद हैं। तो यह एक चीज होती है और यह वकती चीज है। शेख अब्दुल्ला ११ साल तक जेल में रहे और ११ साल में आदमी की उम्र बढ़ती है। छोटे-छोटे बच्चों ने उनका नाम सुना था और आज उनकी उम्र सोलह साल के करीब हो गई है और वह उनको देखना चाहते हैं। ग्यारह साल से वह शेख अब्दुल्ला को सुनते आये हैं, अच्छे रंग में भी और बुरे रंग में भी। कुछ लोग उनके हक में हैं और कुछ लोग उनके खिलाफ हैं। तो तमाम लोग देखना चाहते हैं कि यह कौन आदमी है और कैसा आदमी है? क्योंकि हम काश्मीरी कुछ पिस्ता कद होते हैं, छोटे छोटे कद के होते हैं और हम में अजीबो-गरीब शख्सीयत है इसकी और शेख साहब एक बड़े आदमी हैं और इस लिहाज से हम को देखना चाहिए।

उन्होंने काश्मीर की तहरीके-आजादी में बड़ा हिस्सा लिया है और उनका बहुत बड़ा हाथ रहा है। आप हिस्ट्री को भुला नहीं सकते हैं जो उन्होंने काश्मीर के लिये काम किया है। इस लिहाज से लोग उनको देखने के लिये आते हैं। शेख अब्दुल्ला का मुकाबला हम लोग सियासी तौर पर करेंगे, फौजी तौर पर नहीं करेंगे। मैं उन लोगों के हक में नहीं हूं जो यह समझते हैं कि शेख अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया जाये। इस तरह से हम मसले को हल नहीं कर सकते हैं। शेख अब्दुल्ला के दलाइल का जवाब दलाइल से देंगे और अगर शेख अब्दुल्ला हम को यह समझाते हैं कि वह ताकत से कोई फैसला करेंगे तो हम भी ताकत से मुकाबला करेंगे, दलाइल का जवाब दलाइल से देंगे। अगर वह कहते हैं कि हिन्दुस्तानी नहीं, तो हम साबित कर देंगे कि वह हिन्दुस्तानी हैं। इसके बावजूद भी अगर वह न मानें तो हम को इन चीजों से घबराना नहीं चाहिए। हिन्दुस्तान के लोगों ने बहुत तूफान देखे हैं। यह भी एक तूफान है, आयेगा और गुजर जायेगा। हमारे सर से बहुत तूफान गुजरे बकौल जवाहरलाल नेहरू के। मुझे नहीं मालूम है कि उनका अपना शेर है जो उन्होंने इन्दौर में स्टेट म्युनिसिपल कान्फ्रेंस में पढ़ा था —

गिर पड़े, गिर कर उठे, उठ कर चले;
इस तरह तय की हैं हम ने मंजिलें ।।

तो इस तरह से एक और तूफान आ कर गुजर जायेगा और हिन्दुस्तान अपनी जगह पर कायम रहेगा। लेकिन जरूरत है जुर्रत की और हिम्मत की।

अब मैं फाइनेन्स बिल के मुतल्लिक दो-एक बातें अर्ज करना चाहता हूं। जहां तक चन्द्र शेखर साहब और कुछ मेम्बरान का इस बात से ताल्लुक है कि हमारी फौरेन पब्लिसिटी का जहा तक ताल्लुक है शायद उससे बेहतर कोई पालिसी हो। लेकिन जहां तक फौरेन पब्लिसिटी का ताल्लुक है वह कोई ज्यादा ठीक नही है। मुझे अभी अफ्रीकी मुल्कों में घूमने का मौका मिला है। उन लोगों के दिल में हिन्दुस्तान के लिए इन्तहाई हमदर्दी है। इसमें हंसने की बात नहीं है। मैंने अलजीरिया के बहुत बड़े बड़े लोगों से बातचीत की है जिन्होंने आजादी के लिए कुर्बानी की और जिन्होंने आजादी के लिए सही कीमत अदा की। जिस मुल्क के १० लाख लोगों ने गोली खा कर गोली चलाकर आजादी हासिल की वह ही सही आजादी है। जब उनसे बातचीत की जाये तो वह महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सुभाष बोस और पंडित जी का नाम इन्तहाई अहतराम से लेते हैं लेकिन वह यह समझते हैं कि हम में कुछ खामियां हैं क्योंकि हम ने इस चीज को चन्द ऐसे अफसरों के हाथ में रखा है जिनका रहन सहन, सोचने का ढंग बिल्कुल अंग्रेजी है। मैं हुकूमत की इस बात से इत्तफाक नहीं कर सकता हूं कि हमारे एम्बेसेडर सिर्फ आई० सी० एस० ही हो सकते हैं। जम्हूरी मुल्क में एम्बेसेडर वह होने चाहिए जिन्होंने जम्हूरियत के लिये जंग की हो, जो जम्हूरियत की कद्र जानते हों और जिन्होंने जम्हूरियत की अहमीयत को समझा हो। आप इन मुल्कों को देखिये। अलजीरिया को देखिये। ३० साल से ज्यादा कोई वजीर नहीं है सिवाय एक दो के। एक तो इस्लाम के औकाफ को जो वजीर हैं और सैयद मुहम्मदीन जो डिप्टी मिनिस्टर हैं फौज के आदमी हैं। बाकी सब तीस, इकतीस, बत्तीस और उनतीस साल के हैं। उनके एम्बेसेडर को सब लोग जानते हैं। रशीद जैलानी जो आजकल न्यूयार्क में एम्बेसेडर हैं। लेकिन हमारी यह दिक्कत है कि आई० सी० एस० ही एम्बेसेडर हो सकता है और कोई नहीं हो सकता है। लिहाजा हम को इस तरफ तवज्जो करनी चाहिए। लेकिन अफ्रीका के मुल्कों में हिन्दुस्तान के लिए काफी एहतराम है। हमारा हाल यह है कि हम पुलाव खिलाते हैं, लेकिन गन्दे पानी से हाथ धुलाते हैं तो उस पुलाव का सारा नशा और मजा किरकिरा हो जाता है। मुझ से उन्होंने खुद कहा कि साहब जब हम हिन्दुस्तान के सफीर से हाथ मिलाते हैं तो ऐसा मालूम होता है कि उनके

[श्री ए० एम० तारिक]

हाथ पर दस्ताना चढ़ा हुआ है। इस तरह का उनका एहसास है। फिर अलजीरिया जैसे मुल्क में चीनियों ने चालीस लाख डालर दिये हैं, सामान दिया है, डाक्टर दिये हैं। हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर और हमारी सरकार का कम से कम इतना फर्ज तो था कि उनसे कह सकती कि हम आपकी इतनी मदद कर सकते हैं, स्माल स्केल इन्डस्ट्री में मदद कर सकते हैं, काटेज इन्डस्ट्री में मदद कर सकते हैं या चार पांच डाक्टर ही वहां भेज देती। तो हमें इन बातों की तरफ तवज्जो करनी चाहिए।

इसके साथ ही साथ मैं सरकार की तवज्जो इस तरफ भी दिलाना चाहता हूं कि जम्हूरियत की बुनियाद या किसी मुल्क की इक्तसादी जिन्दगी की बुनियाद बड़े बड़े मकानों पर नहीं होती; जम्हूरियत और इक्तसादी जिन्दगी की बुनियाद छोटे छोटे मकानों में होती है। अगर अच्छे मकानों में रोशनी न हो, अगर आपके लोगों, हिन्दुस्तान के ३० करोड़ लोगों की तालीम की जरूरत, टहलने की जरूरत—औलाद की सेहत अच्छी न हो तो यह जम्हूरियत जम्हूरियत नहीं रहती। आज भी मिस्र में आप देखिये कि ३ आने में एक आदमी गुजारा करता है। सरकार रोटी को सब्सीडाइज करती है दो आने में। मैं और पांडे साहब तो दो दिन में एक रोटी खायेंगे लेकिन वह एक वक्त में खाते हैं और एक आने की उसके साथ सब्जी मिलती है।

इसके अलावा आप देखिये कि हमारे बाद मिस्र ने टेलीविजन का काम शुरू किया और आज दुनिया का इस मामले में वह सब से बड़ा मुल्क है। उनके पास एक सैक्टर है और अमरीका में बारह सैक्टर हैं लेकिन प्रोग्राम के लिहाज से टेलीविजन में मिस्र सबसे आगे बढ़ गया है। अगर मिस्र की हुकूमत और वहां के लोगों के दरम्यान कोई राबता है तो वह टेलीविजन है, फिल्म है और तालीम है। हमको इन चीजों की तरफ तवज्जो देनी चाहिए। वहां एक-एक यूनिवर्सिटी में ३०-३० हजार लड़के हैं लेकिन हर दस लड़कों के पीछे एक प्रोफेसर है। हम इस मुल्क की इक्तसादी जिन्दगी उस वक्त तक ठीक नहीं कर सकते जब तक हम इन बातों की अहमीयत को नहीं समझेंगे और जब तक हम इन्सान से मसावीसलूक नहीं करेंगे। आज भी इस मुल्क की दौलत चन्द लोगों के हाथ में है। आज भी इस मुल्क में तामीरो-तरक्की और सियासत चन्द लोगों के इशारे में नाचती है। डेमोक्रेसी में किसी शख्स को, किसी फर्द को दूसरे फर्द से ज्यादा अहमयित नहीं है।

मैं वजीर साहब से जानना चाहूंगा कि पिछले चन्द सालों से इस मुल्क में फौरेन एक्सचेंज के कई झगड़े खड़े हैं जिनमें बड़े बड़े लोग इन्वोल्व हैं। अगर एक गरीब आदमी दो रुपये का टैक्स नहीं देता है, अगर एक छाबड़ी वाला नई दिल्ली या पुरानी दिल्ली में टैक्स नहीं देता है तो उसकी छाबड़ी उठा कर फेंक दी जाती है। एक सब से बड़े केस के बारे में मैं फाइनेन्स मिनिस्टर साहब से इस ऐवान में जानना चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHMMATI TARA RAMCHANDRA SATHE) : Please wind up.

SHRI A. M. TARIQ: Another five minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI TARA RAMCHANDRA SATHE) : You have taken 18 minutes.

SHRI A. M. TARIQ: Then I will continue tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI TARA RAMCHANDRA SATHE): NO, no. You finish in two minutes.

SHRI A. M. TARIQ: What happened to this Home Insurance Co. scandle in which Rs. 30 lakh foreign exchange is involved? Who is the big businessman or his son who is involved in it,

me Home insurance Co. 01 Bombay? And I would like to know from the hon. Minster about Volkart Algeria & Co. I would like to know about Nagarmal Jamnadas. 1 would like to know about Govind Narain & Co. And specially I would like to know what is behind this Home Insurance Co. Who are the people who are involved?

**श्री बी० आर० भगत :** आप तो जानते होंगे।

SHIU A. M. TARIQ: NO, no. The House must know. It must come from you.

**श्री बी० आर० भगत :** आप ही बताइये।

**श्री ए० एम० तारिक :** मैं तो आपको बता रहा हूं और मैं आपसे पूछता हूं कि यह होम इनश्योरेंस कम्पनी जिसमें कम-अज़-कम ३० लाख का गलबा है उसमें चूंकि हिन्दुस्तान के एक बड़े बिज़नैसमैन का बेटा इन्वोल्व है इसलिए क्या सरकार ने इस केस को दबा रखा है। अगर आप इस मुल्क को सोशलिज्म देना चाहते हैं तो सोशलिज्म आप यह कह कर नहीं दे सकते हैं कि तारिक से एक सलूक होगा और सी० डी० पांडे से एक सलूक होगा। दोनों को एक लाठी से आप हांकिये तो हम आपके साथ हैं। मैं यह अपील करता हूं। होम इनश्योरेंस कम्पनी के बारे में कल फाइनेन्स मिनिस्टर साहब को इस ऐवान में कहना पड़ेगा कि ऐसा क्यों हुआ। जब यह मामला पकड़ा गया तो इनश्योरेंस के लिफाफों में रुपया बाहर भेजा जाता था और फौरेन एक्सचेंज में ३० लाख होना बड़ी बात नहीं है। कास बार्न एक्सचेंज केस में आप देखेंगे कि क्या होता है। आप कहते हैं कि हमारी दोस्ती क्यों नहीं होती है एशियाई मुल्कों से। कैसे हो? हुकूमत ने टेण्डर इन्वाइट किये। उसमें जापान का टेण्डर सबसे कम था लेकिन एक फौरेन कम्पनी जिसमें अमरीका और बरतानिया का हाथ था— उसमें ८० लाख रुपये का फर्क है और इसके बावजूद बेल्जियम की एक कम्पनी को वह दिया गया। क्यों? जब जापान ने यह कहा कि जो चीज आप मांगते हैं वह बना करके हम आपको देंगे और अगर न दें तो हम पैसा नहीं लेंगे तो ८० लाख का फौरेन एक्सचेंज इस मुल्क के लिये बहुत बड़ी चीज है। मैं इन दो तीन बातों के बारे में हुकूमत से यह जानना चाहूंगा कि एक बड़े ट्रांसमीटर के बारे में आपको मालूम है कि वायस आफ अमरीका के खिलाफ इस मुल्क में एक आवाज उठी। फिर आपने चेकोस्लोवाकिया से लेने को कहा। चेकोस्लोवाकिया ने कहा कि हम पन्द्रह या सोलह महीने में देंगे। आप यह जानते है कि रूस नहीं दे सकता है और आप रूस से लेना चाहते हैं। अब बोल्टाज़ से बातचीत चल रही है। हम जानना चाहते हैं कि बोल्टाज़ के कन्डीशन क्या है।

आखिर में मैं सिर्फ एक बात कह कर अपनी तकरीर खत्म करूंगा। मिस्टर भुट्टो ने कहा है कि काश्मीर में इस वक्त रिवोल्ट हो रहा है। यह गलत है। हिन्दुस्तान एक जम्हूरी मुल्क है और यहां के लोगों को यह हक हासिल है कि अगर उनको कोई तकलीफ हो तो वह आवाज उठायें। काश्मीर में कोई रिवोल्ट नहीं है। अगर वहां रिवोल्ट होता तो शेख मुहम्मद अब्दुल्ला दिल्ली न आते इस बात का बेहतरीन सबूत यह है कि शेख मुहम्मद अब्दुल्ला कल हवाई जहाज से यहां आयेंगे। अगर वाकई किसी मुल्क में रेवोल्यूशन आने का खतरा है तो वह पाकिस्तान और खालिस पाकिस्तान है। आप पिछले दस सालों में देखिये कि पाकिस्तान में कितनी दफा मार्शल ला लागू हुआ है और पाकिस्तान ने कितनी दफा हुकूमतें बदली हैं। आज भी एक अफगान कबायली का बयान आया है कि बिलोचिस्तान में बम गिराये जाते हैं। हिन्दुस्तान में किसी शहर में हुकूमत ने कभी

[श्री ए० एम० तारिक]

बम नहीं गिराये हैं लेकिन हिन्दुस्तान के लोगों को यह हक है कि जब उनको तकलीफ हो एहतजाज करें। यही जम्हूरियत है। अगर किसी मुल्क में जम्हूरियत नहीं है और अगर किसी मुल्क में रेवोल्यूशन होगा या होने वाला है तो यह सिर्फ पाकिस्तान है। और दुनिया के वह तमाम लोग जो अमन कायम करना चाहते हैं उनसे मैं यह अपील करूंगा कि वह पाकिस्तान के लोगों को इस जुल्मोसितम से निजात दिलाने के लिये कदम उठायें, वरना पाकिस्तान के लोग जिस जुल्मोसितम का शिकार हो रहे हैं उसकी जिम्मेदारी उन तमाम लोगों पर होगी जो दुनिया में अमन कायम करना चाहते हैं। मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं।]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI TM:A RAMCHANDRA SATHE): The House stands adjourned till 11 A.M. tomorrow.

The House then adjourned at sixteen minutes past five of the clock, till eleven of the clock on Wednesday, the 29th April, 1964.

GMGIPND—RS—20(5 RSD—4-7-64—550.